

दैनिक
# पुष्पांजली टुडे
नई सोच नई पहल

ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 57 | ग्वालियर सोमवार 5 दिसम्बर 2022 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए



# गांधीनगर में पीएम मोदी ने मां हीराबेन से लिया आशीर्वाद, सोमवार को करेंगे मतदान

**अहमदनगर/नई दिल्ली।** गुजरात विधानसभा चुनाव अपने अंतिम पड़ाव पर पहुंच चुका है. सोमवार को दूसरे और अंतिम चरण के लिए मतदान होंगे. इस चरण में 93 सीटों पर मतदान कराए जाएंगे, जिसकी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं. खास बात ये है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मतदान के लिए गांधी नगर पहुंच रहे हैं. पीएम मोदी सीधे अहमदाबाद पहुंचे, जहां से वो गांधी नगर निकल गए. पीएम मोदी सोमवार को सुबह 8.30 बजे मतदान करेंगे. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिस बूथ पर अपना वोट डालेंगे, वहां उसके लिए खास तैयारियां की गई हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुरक्षा को देखते हुए तमाम रूट्स डायवर्ट किये गए हैं, तो इमरजेंसी सेवाओं को हाई अलर्ट पर रखा गया है.

**प्रशासन ने की खास तैयारियां**–प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी साबरमती विधानसभा क्षेत्र के राणिप में स्थित निशाल स्कूल में अपने मत का प्रयोग करेंगे. गुजरात विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण की तैयारी पर अहमदाबाद के मुख्य अग्निशमन



अधिकारी अनिरुद्ध गढ़वी ने बताया कि प्रशासन की तरफ से सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं. जहां-जहां ट्रैफिक हो सकता है वहां पर हमने यातायात प्रबंधन से वैकल्पिक मार्ग के लिए चर्चा कर ली है और अग्निशमन विभाग के अधिकारी मुस्तैद रहेंगे. हम लोगों ने आपात निकासी योजना पर भी काम किया है, और उसके लिए भी पूरी तरह से तैयारी कर ली गई है. बता दें कि गुजरात विधानसभा चुनाव में दूसरे और अंतिम चरण में मतदान 14 जिलों की 93 सीटों पर कराए जाएंगे. चुनाव आयोग ने दूसरे चरण के मतदान के लिए 1.13 कर्मचारियों को तैनात किया है. इस चरण में 37,432 बैलेट यूनिट इस्तेमाल की जाएंगी. इसके अलावा 36,157 कंट्रोल यूनिट का इस्तेमाल होगा. चुनाव आयोग 44066 वीवीपैट मशीनों का इस्तेमाल कर रही है. तो 13319 वोटिंग बूथ पर कैमरों से लाइव नजर रखी जाएगी. इस चरण में 2.15 करोड़ से अधिक मतदाना अपने अधिकार का उपयोग करेंगे.

## न्यूज़ ट्रैक

### मुस्लिम महिलाओं का चुनाव लड़ना हराम, क्या मर्द बचे नहीं: शाही इमाम




**अहमदनगर/नई दिल्ली।** गुजरात में विधानसभा चुनाव का दौर चल रहा है. तमाम राजनीतिक पार्टियों ने उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है. हिंदुस्तान में लोकतंत्र है. हर समुदाय की भागीदारी बनाने के लिए कुछ सीटों को आरक्षित भी किया जाता है. इन तमाम बातों के अलावा जो एक बात भारत के लोकतंत्र को खास बनाती है, वो है सभी के प्रतिनिधित्व की बात. ऐसे में सभी राजनीतिक पार्टियां पुरुषों, महिलाओं, तीसरे वर्ग के लोगों को भी टिकट देती हैं. ब्राह्मण, क्षत्रिय, बनिया, मुस्लिम, एससी/एसटी, आदिवासी समाज जैसे हर समाज से उम्मीदवार चुनावी मैदान में उतरते हैं. लेकिन अहमदाबाद के शाही मस्जिद के इमाम का कहना है कि मुस्लिम महिलाओं के चुनाव लड़ने से इस्लाम धर्म ही खतरे में पड़ जाता है.

**मुस्लिम महिलाओं को टिकट देकर धर्म को किया जा रहा कमजोर**–जी हां, अहमदाबाद की जामा मस्जिद के शाही इमाम शब्बीर अहमद सिद्दीकी ने साफ कहा है कि मुस्लिम महिलाओं को टिकट देकर इस्लाम को कमजोर किया जा रहा है. उन्होंने सवालिया लहज़े में पूछते हुए कहा कि क्या मुसलमान मर्द मर गए हैं, जो महिलाओं चुनाव लड़ाया जा रहा है. जो राजनीतिक पार्टियां महिलाओं को टिकट दे रही हैं, वो इस्लाम को कमजोर करने की कोशिश कर रही हैं. शाही इमाम शब्बीर अहमद सिद्दीकी का कहना है कि महिलाओं का चुनाव लड़ना अपने आप में हराम है. ये धर्म विरुद्ध है. ऐसे में ये काम सिर्फ पुरुष कर सकते हैं. उनका ये बयान सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने लगा है. बता दें कि एक तरफ तो तमाम राजनीतिक दल महिलाओं के अधिकारों की बात करते हैं, तो दूसरी तरफ एक धर्म विशेष के धर्म गुरु खुले आम कहते हैं कि महिलाओं को इन सब बातों से दूर रखा जाए. ऐसे में समाज का भला कौन कर रहा है, ये सोचने वाली बात है.

### एक दूल्हा और जुड़वा दुल्हन, रिंकी-पिंकी का एक ही व्यक्ति पर आया दिल



**नई दिल्ली।** प्यार की कोई उम्र और सीमा नहीं होती है. प्यार जातपात ऊंचनीच कुछ नहीं देखता है. अंग्रेजी के कवि विलियम शेक्सपियर के अनुसार, मतलब प्यार अंधा होता है. जब प्यार का खुमार चढ़ता है तो क्या परिवार या क्या समाज सबकुछ छोड़कर प्रेमी-प्रेमिका एक हो जाते हैं. ऐसी चीजें आप फिल्मों में बहुत देखे होंगे, लेकिन आज हम आपको असल जिंदगी में दिखाते हैं. महाराष्ट्र से शादी का ऐसा ही एक अनूठा वीडियो सामने आया है. सोलापुर जिले की तहसील मालशीरास में दो जुड़वा बहनों ने शुक्रवार को एक ही शख्स से शादी कर ली है. इन दोनों बहनों की शादी पूरे रीतिरिवाज और धूमधाम से हुई है. इस दौरान दोनों पक्षों के परिवारवालों ने शादी समारोह में शामिल होकर दूल्हा और दुल्हनों को आशीर्वाद दिया है. दोनों जुड़वा बहनें पेशे से आईटी इंजीनियर हैं. आपको बता दें कि जुड़वा बहनें एक ही घर में बचपन से साथ-साथ रह रही हैं. इन दोनों की पढ़ाई-लिखाई भी साथ-साथ हुई. दोनों ने पेशा भी एक ही चुना. जुड़वा बहनों का एक ही व्यक्ति पर भी दिल आ गया. इस पर दोनों ने उस व्यक्ति को अपना हमसफर चुन लिया. इस मामले में पुलिस ने दूल्हे के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है. जुड़वा बहन रिंकी और पिंकी ने मलशीरस के रहने वाले अतुल नाम के व्यक्ति से शादी की है. दुल्हा अतुल के पास ट्रैवल एजेंसी का व्यवसाय है. पिता की मौत के बाद रिंकी और पिंकी अपनी मां के साथ रह रही थी. एक दिन अचालक से उनकी मां बीमार हो गई तो जुड़वा बहनों ने अतुल की कार से अपनी मां को अस्पताल में भर्ती कराया था. इसी दौरान अतुल दोनों बहनों के काफी करीब आ गया.

### एमसीडी चुनाव में शांतिपूर्वक संपन्न हुआ मतदान



दिल्ली नगर निगम के 250 वार्डों के लिए आज वोटिंग है. इस चुनाव में 1.45 करोड़ से ज्यादा वोटर अपने वोटिंग राइट का इस्तेमाल करेंगे. इस बार चुनावी मैदान में कुल 1,349 उम्मीदवार अपना भाग्य आजमा रहे हैं. वोटिंग प्रक्रिया सुबह 8 बजे शुरू होगी, जो शाम 5ः30 बजे तक चलेगी. जबकि चुनावी नतीजे 7 दिसंबर को आएंगे. चुनाव में आम आदमी पार्टी, भारतीय जनता पार्टी व कांग्रेस के बीच त्रिकोणीय मुकाबला माना जा रहा है. हालांकि दिल्ली नगर निगम में अब तक भाजपा का ही कब्जा रहा है. राज्य निर्वाचन आयोग की एक रिपोर्ट के अनुसार दिल्ली में वोटर्स की कुल संख्या 1,45,05,358 है. इसमें से 78,93,418 वोटर्स पुरुष है और 66,10,879 महिला मतदाता हैं. दिल्ली में 1,061 ट्रांसजेंडर्स के भी वोट हैं.

## दूल्हे को वरमाला पहनाने जा रही दुल्हन की हार्ट अटैक से मौत, मातम में बदली खुशियां

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ से एक होश उड़ा देने वाला मामला सामने आया है. यहां एक शादी के दौरान जब दुल्हन स्टेज पर दूल्हे को वरमाला पहनाने जा रही थी तो उसकी दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई. कुछ पलों के लिए वहां खड़े लोगों को यकीन ही नहीं हुआ कि दुल्हन की हार्ट अटैक से मौत हो चुकी है. हालांकि दुल्हन को आनन-फानन में अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया. दुल्हन की मौत की खबर लगते ही कोहराम मच गया और शादी की खुशिया मातम में बदल गई. जानकारी के अनुसार भदवाना गांव निवासी राजपाल ने शुक्रवार को अपनी बेटी शिवांगी की शादी रचाई थी. इस दौरान राजपाल व अन्य परिजनों ने मिलकर दूल्हे और बारात का स्वागत किया. घर में पूजन और महिला संगीत चल रहा था, खुशियां मनाई जा रही थी. वहीं, दूसरी ओर दूल्हे की चढ़त हो रही थी और नाच गाना चल रहा था. इस बीच वरमाला के समय दुल्हन जैसे ही स्टेज पर पहुंची और दूल्हे को माला पहनाने के लिए आगे बढ़ी तो वह बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ी. स्टेज पर मौजूद अन्य लोगों ने किसी तरह शिवांगी को उठाया और पानी पिलाने का प्रयास किया, लेकिन उसने आंखें नहीं खोली. तभी चारों ओर अफरा-तफरी मच गई. शिवांगी को डॉक्टर के पास ले जाया गया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी. बेटी की मौत से पिता राजपाल का रो-रो कर बुरा हाल है. राजपाल ने बताया कि शिवांगी घर में सबसे लाड़ली थी. शिवांगी का मां कमलेश, बहन सोनम और कोमल के भी आंसू नहीं रुक पा रहे हैं. गांव वालों ने बताया कि पिछले 15 दिनों से शिवांगी की तबीयत खराब चल रही थी.



## भोपाल गैस कांड पीड़ित और समाजसेवी संगठन जंतर-मंतर पर करेंगे प्रदर्शन




नई दिल्ली। केंद्र सरकार 3 दिसंबर 1984 के भोपाल में हुए यूनियन कार्बाइड कंपनी के गैस हादसे की वजह से हुई मौतों और बीमारियों के सही आंकड़े पेश करे, जिसकी सुनवाई 10 जनवरी को है. अपनी इसी मांग को लेकर सैकड़ों गैस कांड पीड़ित गैसकाण्ड की 38 वीं बरसी पर दिल्ली पहुंच रहे हैं. दिल्ली पहुंचने पर भोपाल गैस हादसे के पीड़ित और इस हादसे की लड़ाई लड़ रहे कुछ एनजीओ दिल्ली के जंतर मंतर पर प्रदर्शन भी करेंगे. आपको बता दें कि 3 दिसम्बर 1984 को भोपाल में यूनियन कार्बाइड में गैस हादसा हुआ था. गैस हादसे में बहुत बड़ी संख्या में लोग मारे गए थे. बहुत सारे लोग घायल हुए थे, और बहुत सारे लोग इससे प्रभावित हुए थे. मौतों के सही आंकड़े और मुआवजे की सही धनराशि को लेकर गैस कांड पीड़ित और कुछ समाजसेवी संगठनों ने भारत के सर्वोच्च न्यायालय में एक याचिका भी दायर कर रखी है. सर्वोच्च न्यायालय इस मामले में दो बार सुनवाई कर चुका है अगली सुनवाई 10 जनवरी को होने वाली है. भोपाल गैस कांड पीड़ितों का मानना है कि गैस काण्ड की वजह से हुई मौतें और इन्सानी सेहत को पहुंचे नुकसान के सही आंकड़ों को सरकारों के द्वारा जानबूझ के कम करके पेश करने की वजह से भोपाल गैस पीड़ितों को उनके उचित मुआवजे के हक से वंचित कर दिया जाएगा. भोपाल गैस पीड़ित महिला स्टेशनरी कर्मचारी संघ की अध्यक्षा रशीदा बी ने कहा हम और हमारा संगठन भी इस मामले में राज्य और केंद्र सरकारों के साथ याचिकाकर्ता है। हम अतिरिक्त मुआवजे के रूप में 646 अरब रूपए मांग रहे हैं, जबकि सरकारें मात्र 96 अरब रूपए मांग रही हैं। अब वक़्त आ गया है कि अपने कानूनी अधिकारों पर हो रहे इस हमले के खिलाफ भोपाल के गैस पीड़ित फिर से सक्रिय हो जाएं।

## दिल्ली में पड़ने वाली है गलन वाली ठंड



**दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली समेत समूचे उत्तर भारत में कड़ाके की ठंड पड़नी शुरू हो गई है. हालांकि दोपहर में धूप निकलने से लोगों को सर्दी से थोड़ी राहत जरूर है, लेकिन सुबह और शाम में ठंड अपना खूब रंग दिखा रही है. आलम यह है कि दिल्ली-एनसीआर में सर्दी से बचने के लिए लोगों को अलाव सेकते देखा जा सकता है. मैदानी इलाकों में सर्दी बढ़ने का एक बड़ा कारण हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर जैसे पहाड़ी राज्यों में हो रही बर्फबारी भी है, जिसकी वजह से दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब और बिहार में सर्द हवाएं चल रही हैं. मौसम विभाग का कहना है कि आने वाले दिनों में दिल्ली के तापमान में और गिरावट देखने को मिल सकती है.भारत मौसम विभाग की तरफ से जारी वेदर रिपोर्ट में बताया गया कि राजधानी दिल्ली में शनिवार को न्यूनतम तापमान औसत से 1 डिग्री कम 8.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया है, जबकि अधिकतम तापमान 26.4 डिग्री रहा. मौसम विभाग ने रविवार को मौसम साफ रहने की बात कही है. हालांकि सुबह में कोहरा जरूर छाया रहेगा. दिल्ली में आज का न्यूनतम तापमान 8 डिग्री और अधिकतम तापमान 26 डिग्री रिकॉर्ड किया जा सकता है. वेदर रिपोर्ट में बताया गया कि उत्तरी राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब और वेस्ट यूपी में अगले चार दिनों तक मौसम शुष्क रहेगा और घूप खिली रहेगी. मौसम विभाग ने बताया कि दिल्ली में सर्दी को पीक पर पहुंचने में अभी थोड़ा समय लग सकता है.आपको बता दें कि दिल्ली-एनसीआर को अभी धुंध से राहत नहीं मिल पा रही है. दिल्ली की आबोहवा में मिला जहरीला धुआं लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है. आज यानी रविवार को भी राजधानी धुंध की सफेद चादर में लिपटी नजर आई. वहीं. वायु प्रदूषण के इस बढ़ते लेवल से लोगों को आंखों में जलन, सांस लेने में दिक्कत और सीने में जकड़न जैसी समस्याओं से होकर गुजरना पड़ रहा है. डॉक्टरों ने दिल्ली की हवा में फैली इस स्मॉग को लोगों के स्वास्थ्य के लिए काफी नुकसानदेह बताया है.

## गुजरात और हिमाचल चुनाव में फिर खिलेगा कमलः अनुराग ठाकुर



**नई दिल्ली।** देश के दो राज्यों में विधानसभा चुनाव और एक राज्य में नगर निगम चुनाव हो रहा है. सभी राजनीतिक पार्टियों ने इन तीनों जगहों पर चुनाव जीतने के लिए जमकर प्रचार किया. साथ ही हर पार्टियां अपनी-अपनी जीत का दावा कर रही है. ऐसे में अब 7 दिसंबर और 8 दिसंबर को ही पता चलेगा कि तीनों जगहों पर किसकी सरकार बनेगी. इसी बीच केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने रविवार को बड़ा बयान देकर विपक्षी पार्टियों को चौंका दिया है. आपको बता दें कि दिल्ली में एमसीडी चुनाव और गुजरात, हिमाचल प्रदेश में विधानसभा चुनाव हो रहा है. एमसीडी चुनाव का रिजल्ट 7 दिसंबर और दोनों राज्यों के विधानसभा चुनाव का परिणाम 8 दिसंबर को आएगा. केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने हरियाणा के हिसार में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि स्ब्ष्ठ चुनाव, गुजरात और हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव में तीनों जगह कमल खिलेगा. गुजरात और हिमाचल प्रदेश में भाजपा की फिर से सरकार बनेगी और स्ब्ष्ठ में भी भाजपा की सरकार बनेगी. जहां हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर एक ही चरण में मतदान हो चुका है तो वहीं गुजरात में पहले चरण की वोटिंग हो चुकी है और दूसरे चरण के लिए सोमवार को मतदान होगा. एमसीडी चुनाव के लिए रविवार को वोटिंग हुई. कई उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम में कैद हो गई है.

## भारत जोड़ो यात्रा के बाद अब हाथ से हाथ जोड़ो अभियान चलाएगी कांग्रेस



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अब भारत जोड़ो यात्रा के बाद हाथ से हाथ जोड़ो अभियान चलाएगी. कांग्रेस स्टीयरिंग कमेटी की मीटिंग में रविवार को यह निर्णय लिया गया है कि भारत जोड़ो यात्रा अगले साल 26 जनवरी के आसपास श्रीनगर पहुंच जाएगी. इसके बाद ही हाथ से हाथ जोड़ो अभियान निकाला जाएगा. यह अभियान करीब दो महीने तक चलेगा. इसके तहत ब्लॉक स्तर पर यात्रा, राज्य और जिला स्तर पर अधिवेशन का आयोजन किया जाएगा. इस अधिवेशन में देश की जनता तक भारत जोड़ो यात्रा का संदेश पहुंचाया जाएगा. लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर कांग्रेस ने अभी से ही तैयारी शुरू कर दी है. कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कांग्रेस संचालन समिति की मीटिंग बुलाई थी. इस बैठक में पार्टी के पदाधिकारियों से उनके जिलों का पूरा ब्यौरा मांगा. साथ ही इन पदाधिकारियों से यह भी कहा गया कि लोगों के लिए हर हाल में काम करना पड़ेगा. इसमें कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, अशोक गहलोत सहित कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता उपस्थित थे. इस दौरान कांग्रेस ने कई बड़े फैसले भी लिए हैं. इस मीटिंग के बाद कांग्रेस के सांसद केसी वेणुगोपाल ने कहा कि आज की बैठक में मुख्य रूप से दो बातों पर विस्तार से चर्चा हुई. पहला- फरवरी के दूसरे पखवाड़े में कांग्रेस के पूर्ण अधिवेशन का आयोजन किया जाएगा. साथ ही यह तीन दिवसीय अधिवेशन छत्तीसगढ़ के रायपुर में होगा. दूसरा- देशभरमें हाथ से हाथ जोड़ो अभियान निकालने का भी फैसला लिया गया है.

# बदरवास में जानकी सेना संगठन की कार्यकारिणी गठित



**संवादाता हरिओम परिहार की रिपोर्ट**

**बदरवास** विश्व में कीर्तिमान स्थापित करने वाली सामाजिक संगठन मां जानकी सेना संगठन द्वारा आज बदरवास की कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें नितिन गोयल को बदरवास ब्लॉक का अध्यक्ष बनाया गया वही कोषाध्यक्ष अक्षय जैन बने वही उपाध्यक्ष मोहन यादव और मोनू शर्मा बनाये गये सचिव प्रकाश मित्तल ,सहकोषाध्यक्ष मानव जैन ,वरिष्ठ संरक्षक पप्पी( अशोक) सोनी ,संरक्षक सौरव अग्रवाल, नगर संरक्षक गौरव जैन और ग्रामीण संरक्षक जयकुमार राठौर बनाये गये जानकी सेना संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रम रावत ने बताया की जानकी सेना संगठन पूरे देश भर में काम कर रहा है साथी हर घर तक जानकी सेना संगठन के माध्यम से सुंदरकांड हर घर में हो इस ध्येय को लेकर के मां जानकी के बताए मार्ग पर चलकर सेवा क्षेत्र में हम सभी कार्य कर रहे हैं केवल धार्मिक क्षेत्र ही नहीं पर्यावरण क्षेत्र के लिए हमने लगभग 44000 पौधे रोपित किए हैं जो आज भी जीवित है इसी क्रम में गौ सेवा के क्रम में अभी तक लगभग 400 जलसेवा गौ माता के लिए टंकीयां रखवा चुके हैंकार्यक्रम में बदरवास नगर का जानकी सेना संगठन द्वारा पहला सुंदरकांड का आयोजन नगर संरक्षक गौरव जैन जी के निवास पर तय किया गया इसके बाद अंत में वरिष्ठ संरक्षक जानकी सेना संगठन के अशोक(पप्पी) जी सोनी द्वारा सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया

# जिला दतिया मप्र महाराजा खेत सिंह खंगार पार्क

**संवाददाता हरिओम परिहार की रिपोर्ट**

अखिल भारतीय खंगार क्षत्रिय समाज की बैठक महाराजा खेत सिंह खंगार पार्क दतिया मप्र में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री कप्तान सिंह से सहसारी जी के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुईराष्ट्रीय अध्यक्ष श्री कप्तान सिंह सहसारी जी ने बताया कि इस वर्ष गढ़कुंडार महोत्सव में जहां मप्र के यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय श्री शिवराज सिंह चौहान जी के आने की संभावना तो है ही वही भारत सरकार के यशस्वी कृषि मंत्री माननीय श्री नरेंद्र सिंह तोमर जी के आने की प्रबल संभावना है राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री कप्तान सिंह सहसारी एवं समाज का प्रतिनिधि मंडल लगातार गढ़कुंडार महोत्सव में भव्यता एवं दिव्यता प्रदान करने में लगा हुआ है।

मुख्य एजेंडानुसार प्रस्ताव

1- आगामी गढ़कुंडार महोत्सव 27,28, एवं 29 दिसंबर महाराजा खेत सिंह खंगार जयंती समारोह गढ़कुंडार में अधिक से अधिक संख्या में एकत्रित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रचार प्रसार, बैनर पोस्टर होर्डिंग लगवाना, गांव गांव में जाकर पर्चे बंटवाना, जैसें सामाजिक कार्य किए जाने का निर्णय लिया,,गया जिसका दायित्व अखिल भारतीय खंगार क्षत्रिय समाज के युवा जिलाध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह को दिया गया,,









2- अ.भा.खंगार क्षत्रिय समाज के जिलाध्यक्ष श्री जगदीश सिंह चौहान ने निशुल्क कोचिंग सेंटर महाराजा खेत सिंह खंगार के नाम के संचालित करने के लिए अपने मकान को देने पर जहां सहमति दी वही निवाड़ी से पधारे राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री देवेन्द्र सिंह शिक्षक ने शैक्षणिक सामग्री अपनी ओर से प्रदान करने पर सहमति दी समाज के गरीब बच्चों को निशुल्क कोचिंग क्लास दी जायेगी जिससे आने वाली समाज की युवा पीढ़ी का भविष्य सुधरेगा।

3-महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती पूजा परिहार ने महाराजा खेत सिंह खंगार पार्क दतिया में एक सामाजिक धर्मशाला का निर्माण समाज की ओर से कराए जाने का प्रस्ताव रखा जिस पर समाज की सहमति रही, धर्मशाला के निर्माण से समाज की गरीब कन्याओं की शादी में बड़े-बड़े गार्डनो का खर्च बचेगा।

सभी समाज बंधुओं ने भरपूर सहयोग देने पर सहमति दी जल्द ही कार्य शुरू होगा बैठक में अखिल भारतीय खंगार क्षत्रिय समाज जिला दतिया की जिला कार्यकारिणी युवा जिला कार्यकारिणी एवं महिला मोर्चा कार्यकारिणी का गठन राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री कप्तान सिंह सहसारी की अनुशंसा पर किया गया जिनका स्वागत है सम्मान फूल मालाओं से कर नियुक्ति पत्र प्रदान कर किया।सैकड़ों की संख्या में खंगार क्षत्रिय समाज के समाज बंधुओं सहित मातृशक्ति भी उपस्थित रही।प्रमुख रूप से श्री वीर सिंह परिहार ,श्री शत्रुघ्न सिंह परिहार ,श्री सत्येंद्र सिंह परिहार झांसी श्री देवेंद्र सिंह खंगार शिक्षक निवाड़ी, श्री राकेश नेताजी श्री सुल्तान सिंह परिहार राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य दतिया उनाव श्री अतर सिंह परिहार श्री भोलाराम परिहार दतिया अयोध्या जी से पधारे महंत एवं अखिल भारतीय खंगार क्षत्रिय समाज संगठन के नए पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे जिनका स्वागत सम्मान खंगार क्षत्रिय समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री कप्तान सिंह सहसारी जी ने किया।

# खिलाड़ियों और पुलिस अधिकारियों ने साथ में मिलकर खेलो में दिखाया अपना दमख़म

**अनिल कुशवाह प्रभारी**
**पुष्पांजलि टुडे**



**शिवपुरी-** माधवराव सिंधिया जिला खेल परिसर में खेलों के विभिन्न प्रतिस्पर्धाएँ आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में आज रविवार को खिलायिों के साथ-साथ पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों ने हॉकी, मलखंब एवं क्रिकेट खेल में भाग लेकर दमख़म दिखाया।श्रीमंत माधवराव सिंधिया खेल परिसर में आज सुबह से ही हलचल रही हॉकी के खिलायिों और जिला हॉकी संघ के पदाधिकारियो ने हॉकी के मैचे खेले। इस दौरान मलखंब के खिलायिों ने रोप और पोल मलखंब में अदभुत प्रदर्शन किया। पुलिस अधिकारियों में पुलिस अधीक्षक श्री राजेश सिंह चंदेल, यातायात प्रभारी रणवीर सिंह, थाना प्रभारी विकास यादव और अन्य पुलिसकर्मीयो ने ब्लॉक के क्रिकेट खिलायिों के साथ क्रिकेट मैच खेला और विजय हासिल की। मैच के बाद सभी लोग शिवपुरी पेड्र्ल साइकल क्लब के साथ 50 किलोमीटर की साइकल भी की।इस अवसर पर मलखंब के खिलायिों को पदक भी दिए गये। इस मल्टी स्पोर्ट्स इवेंट में अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक श्री राजेश सिंह चंदेल रहे। साथ में यातायात प्रभारी रणवीर सिंह, थाना प्रभारी विकास यादव, मुख्य प्रशिक्षक क्रिकेट अरुण सिंह, जिला खेल अधिकारी के के खरे, वरिष्ठ खिलाी छोटे खान, हॉकी संघ से वकार रोहिला, जूडो प्रशिक्षक शिशुपाल, हॉकी प्रशिक्षक गीता लखेरा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की रूप रेखा और संचालन ब्लॉक कोऑर्डिनेटर कमल बाथम और रामपाल ने की।

# नवीन मतदाताओं के नाम जोड़ने के लिए बीएलओ को बैठक में करेरा एसडीएम ने दिए निर्देश

**अनिल कुशवाह प्रभारी**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** विधानसभा क्षेत्र 23 करेरा में भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा दिए गए निर्देश के पालन में करैरा तहसील के सभागार में मतदाता सूची पुनरीक्षण के संबंध में एसडीएम एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी दिनेश शुक्ला द्वारा बैठक आयोजित की गई। बैठक में राजस्व विभाग से विनोद सोनी राजस्व निरीक्षक, राजस्व निरीक्षक श्रीमति प्रीति रावत, मास्टर ट्रेनर आनंद जैन, निर्वाचन सहायक प्रोग्रामर योगेश कुशवाह सहित बीएलओ उपस्थित रहे।निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी दिनेश शुक्ला द्वारा बैठक में समस्त बीएलओ को निर्देश दिए कि मतदान केन्द्रों में आदिवासी वर्ग के मतदाताओं के नाम जोडे जाना है, जिसमें कोई भी मतदाता न छूटे। सभी बी.एल.ओ. अपने अपने क्षेत्र का पुनः भ्रमण कर यह सुनिश्चित करें कि अब कोई भी मतदाता का नाम मतदाता सूची में जोड़ने को शेष नहीं रहे। जिन बी.एल.ओ. के द्वारा आज तक नवीन मतदाता के नाम जोड़ने की संख्या कम है उन्हें चेतावनी दी गई कि आगामी 2 दिवस में अपने लक्ष्य को पूर्ण करें। अन्यथा संबंधित बीएलओ के विरूद्ध



कार्यवाही की जाएगी।जनजाति वर्ग के मतदाताओं के संबंध में तहसील अंतर्गत राजस्व निरीक्षक तहसील करेरा एवं नरवर तथा समस्त पटवारी को भी आदेशित किया गया कि वह अपने हल्का अंतर्गत सहरिया जाति के मतदाताओं को घर-घर जाकर रिपोर्ट तैयार कर संबंधित क्षेत्र के बी.एल.ओ. के माध्यम से नाम जोड़ने की कार्यवाही पूर्ण कराने हेतु सहयोग करेगें। समस्त निर्देशों के बाद सभी बी.एल.ओ. 8 दिसम्बर को निर्वाचन कार्यालय में कोई भी मतदाता नाम जोड़ने हेतु शेष नहीं इसका प्रमाणीकरण भी देना होगा।

# नवीन सर्किल जेल भवन शिवपुरी में बंदी वस्त्र एवं जैकेट सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम शुभारंभ

**अनिल कुशवाह प्रभारी**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शिवपुरी एवं बेटू गार्मेंट्स बदरवास शिवपुरी के सौजन्य से शहर में ग्राम बडौदी स्थित नवीन सर्किल जेल भवन शिवपुरी में परिरूद्ध बंदियों के पुनर्वास एवं कौशल विकास हेतु गतदिवस जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं सर्किल जेल शिवपुरी के संयुक्त तत्वाधान में बंदी वस्त्र एवं जैकेट सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम शुभारंभ किया गया।इस अवसर पर सर्किल जेल अधीक्षक श्री रमेशचंद्र आर्य व उप जेल अधीक्षक श्री दिलीप सिंह एवं जेल स्टॉफ तथा उद्योग में कार्य करने वाले दंडित एवं हवालाती बंदी मौजूद रहे।जेल अधीक्षक द्वारा उपस्थित बंदियों से अपेक्षा की गई वह पूर्ण लगन एवं निष्ठा के साथ सिलाई संबंधी कार्यों का प्रशिक्षण प्राप्त करें एवं अधिक से अधिक बंदीगण जेल में परिरूद्ध अवधि में इस रचनात्मक कार्य से जुकर अपने समय का सदुपयोग करें एवं सिलाई कार्य में दक्ष होकर बाहर जाकर अपने परिवार के लिये आजीविका उपार्जन कर आत्मनिर्भरता प्राप्त करें। अंत में सर्किल जेल अधीक्षक श्री रमेशचंद्र आर्य द्वारा सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया गया

# जन्मदिन समारोह से पहले घर के पास लगाया बम, फोन पर कहा-सरप्राइज देंगे




**शिवपुरी।** सिंहनिवास गांव में एक घर के पास विस्फोटक लगाकर ब्लास्ट की साजिश रची गई। समय रहते पता लगने पर ग्वालियर से गए बम निरोधक दस्ते ने इसे निष्क्रिय कर दिया। इस दौरान एक सदस्य के फोन पर घर में आयोजित जन्मदिन समारोह में सरप्राइज देने की बात भी कही गई। पुलिस अभी तक घटना का कारण और आरोपितों दोनों का ही सुराग नहीं लगा सकी है। गांव सरपंच के पति ने आशंका जाहिर की है कि विस्फोटक उनके लिए लगाया गया था, क्योंकि वे जन्मदिन समारोह में जाने वाले थे।सिंहनिवास में रहने वाले सिरनाम सिंह राजावत के नाती कुणाल का बुधवार को जन्मदिन था। घर के पास कुछ तार दिखाई दिए। करीब 300 मीटर तक तार बिछाए गए थे और डेटोनेटर की मदद से ब्लास्ट की साजिश थी। बम निरोधक टीम ने बम को डिफ्यूज किया।इसी दौरान घर की एक महिला के फोन पर अनजान नंबर से काल आया कि फोन पे नम्बर दे दो। कुणाल को जन्मदिन का सरप्राइज गिफ्ट देना है। पुलिस ने इस काल को बम के मामले से जोड़ते हुए जब नम्बर की तफ्तीश की तो वह गुरुग्राम का निकला।

# बच्चें दो ही अच्छे



आज अपनी कामवाली बाई से कुछ बातें हुई! आज उसने पाँच हज़ार रुपये एडवांस मांगे, मैंने ऐसे ही पूछा किस लिए चाहिए तो बोली, मैडम रूम का भाड़ा देना है! इस महीने दो बच्चें बिमार हो गए तो पगार उनकी दवाई में खर्च हो गया। क्या बताऊँ..जब वो गरीब दो सिरे जोड़ नहीं पाई तो आज एक माँ होकर उसके मुँह से निकल गया, मैडम एक दो बच्चें को मौत आ जाए तो जान छूटे। मैं हैरान सी सुनकर सन्न रह गई। वैसे उसके चार बच्चें है। मैंने कहा, इस महंगाई के ज़माने में इतने बच्चें क्यूँ पैदा कर लिए! और आज अपने ही बच्चों को बद्दुआ दे रही हो तो बोली, अरे उपरवाले की देन है मैडम, हो गए और हमारे बच्चें तो पल जाते है! जो बनाकर देते है खा लेते है, जो लाकर देते है पहन लेते है; आपके बच्चों की तरह कोई लाड़ नहीं करते। वो खुद तो पति-पत्नी मजदूरी और घर काम करते है पर उसका बड़ा बेटा भी स्विपर का काम करता है। पढ़ाई के नाम पर एक लड़की सातवीं कक्षा तक पढ़ी। बाकी बच्चों को लगता है अपना बुढ़ापा पालने के लिए पैदा किए है।मुझे गुस्सा भी आया और ताज्जुब भी हुआ। जब आप बच्चों को अच्छी परवरिश, अच्छा खाना, अच्छे कपड़े, अच्छा एज्युकेशन और अच्छी ज़िंदगी देने की हैसियत नहीं रखते तो क्या हक है आपको बच्चों को धरती पर कीड़े मकोड़े की तरह जन्म देकर उपरवाले के भरोसे छोड़ देने का बच्चें तो नहीं कहते हमें पैदा करो। अपनी गलती, अपने अज्ञान और रंग रैलियों का इल्ज़ाम उपरवाले पर थोपकर बच्चों को बेहाल ज़िंदगी की सज़ा देना कहाँ का न्याय है एक, या दो बच्चें पैदा करके आप भी अपने बच्चों को वो लाड़ और सुख सुविधा दीजिए न जो हम अपने बच्चों को दे रहे है। जितनी हैसियत हो बच्चें भी उस हिसाब से पैदा करने चाहिए, भले एक ही बच्चा हो! बाकी तीन के हिस्से की खुशियाँ एक को देकर एक ज़िंदगी आबाद करना सही होगा, या चार बच्चें पैदा करके चारों से उनकी खुशियाँ छीनना पहले अपनी जेब टटोलिए उसके बाद बच्चों की लाईन लगाईये।देश में बहुत सारे मुद्दों में एक मुद्दा बढ़ती हुई आबादी भी अहम मुद्दा है, ऐसे में कई लोग बिना सोचे, बिना अपने बैंक बेलेंस की परवाह किए और बिना ये सोचे कि परिवार वहन कैसे होगा चार पाँच बच्चों की लाईन लगा लेते है। फिर भले चाहे बच्चें फटेहाल हालत में कुपोषण का शिकार होते पल रहे हो। परिवार नियोजन में सबसे पहला मुद्दा हर दंपत्ति का आर्थिक स्थिति को लेकर होता है। बच्चे पैदा करना बड़ी बात नहीं, आप बच्चों को किस तरह की परवरिश देना चाहते हो ये बात बहुत मायने रखती है। सोचो घर में आप एक ही कमाने वाले है और तीन चार बच्चें पैदा कर लेते है तो न तो आप खर्चे झेल पाओगे न बच्चें ठीक से पले बढ़ेंगे। इसलिए सबसे पहले अपनी आय को महेत्व देते हुए ये निर्णय लीजिए की बच्चे को जन्म देने के बाद आप सारे खर्च उठाने के काबिल है क्यूँकि परिवार नियोजन में आर्थिक परिस्थिति बहुत मायने रखती है।आजकल एज्युकेशन से लेकर हर चीज़ महंगी हो गई है। ठ्ठ स्त्रश्वह्लह्ल सबके बच्चें हर हाल में पल ही जाते है, पर एक अभिभावक के नाते आपका फ़र्ज़ बनता है कि अपने बच्चों को आला दरज्जे की सुख सुविधा देकर पाले, पोषें।ै मिली प्लानिंग से अपने परिवार को छोटा रखें, एक या दो बच्चे आराम से पल जाते है। बच्चों के खानपान, परवरिश और शिक्षा पर जितना खर्च करने में आप सक्षम हो उतने ही बच्चों की प्लानिंग करें, और दो बच्चों के बीच तीन चार साल का फासला रखें ताकि एक बच्चा थोड़ा बड़ा हो जाए कुछ खर्चे बंद हो जाए उसके बाद दूसरे बच्चे के लिए सोचें।और अगर आपको लगे की एक बच्चे में ही आप खर्चे उठाने में थक गए है तो एक ही काफ़ी है, दूसरे बच्चे के बारे में सोचिए भी मत। क्यूँकि बच्चें पैदा कर लेना ही काफ़ी नहीं, उस बच्चे की ज़िंदगी का सवाल है! अगर अच्छी परवरिश नहीं दे सकते तो बच्चे पैदा करनेका आपको कोई हक नहीं। तभी तो परिवार नियोजन वालों ने ये सूत्र रखा है कि ÷छोटा परिवार सुखी परिवार÷ फैमिली प्लानिंग और आर्थिक स्थिति के बीच मजबूत संबंध है इसलिए सोचें, समझे फिर बच्चें पैदा करें।

**भावना ठाकर भावु बेंगलोर**

# क्षेत्रीय विधायक तीन दिवसीय दौरे पर



**जगदीश पाल रिपोटर खनियाधाना**

**शिवपुरी/पिछोर -** पूर्व मंत्री म.प्र.शासन एवं विधायक पिछोर के. पी.सिंह कक्का जू तीन दिन अपनी विधानसभा के दौर पर रहेंगें और लोगो से जनसामान्य भेंट कर उनकी समस्याओं को सुनेंगे एवं निराकरण करेंगे। दौरे का क्रम 05 दिसंबर को पिछोर 06 को बामोर कलां 07 को पिछोर एवं 4 ः00 बजे भोंती में उपस्थित रहेंगे।

# खतरों भरा नौनिहालों का सफर, स्कूल बसों की मजिस्ट्रेट जांच में 65 मिलीं अनफिट

**शिवपुरी ।** स्कूल बसों में बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए गुरूवार को प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट अमित प्रताप सिंह तोमर के निर्देशन में यातायात पुलिस ने स्कूल बसों की जांच की। जांच के दौरान करीब 200 बसों की जांच की गई और जांच में 65 बसें अनफिट मिलीं। इन अनफिट बसों में बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। इन सभी 65 बसों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। इसमें सेंट चार्ल्स स्कूल की 11 बसें, सेंट बेनेडिक्ट स्कूल की चार बसें, किड्स गार्डन स्कूल की सात बसें, जीके हेरिटेज स्कूल की आठ बसें, हैप्पीडेज स्कूल की पांच बसें शामिल हैं।कार्रवाई में केंद्रीय विद्यालय, बचपन स्कूल, कोलारस पब्लिक, जैक एंड जिल, इनोवेटिव स्कूल, हालीबड्स, ईस्टर्न हाइट्स, दून पब्लिक स्कूल, किड्जी स्कूल, गीता पब्लिक, सेंट जोन, गणेश ब्लेस्ड आदि की बसों में भी अनियमितता पाई गई। शहर के लगभग सभी नामी स्कूलों की बसों में खामियां थीं। इन प्रकरणों को न्यायालय भेजा जाएगा, बसों पर न्यायालय में चालानी कार्रवाई की जाएगी। बसों की चेकिंग के लिए पोहरी चौराहा, रेलवे क्रासिंग, ग्वालियर वायपास, झांसी तिराहा पर वाहन चैकिंग लगाई गई थी। इस दौरान यातायात प्रभारी रणवीर सिंह यादव, सूबेदार अरुण प्रताप सिंह जादौन, सूबेदार प्रियंका घोष, एसआइ दीपक पालिया, एसआइ



आदित्य प्रताप सिंह तोमर, एएसआइ कौरव, एएसआइ यतेंद्र बाथम एवं थाना कोतवाली थाना फिजिकल,थाना देहात,थाना यातायात की पुलिस मौजूद थी।वाहन चेकिंग के दौरान ज्यादातर बसों में ड्रायवरों के पास ड्राइविंग लाइसेंस के साथ-साथ मौके पर बसों के किसी भी तरह दस्तावेज नहीं पाए गए। इसके अलावा कई बसों में कैमरे नहीं थे तो कई बसों में कैमरे लगे होने के बावजूद चालू नहीं थे। स्कूल बसों में स्पीड गवर्नर, प्राथमिक उपचार की किट नहीं मिली। वाहन चालक बिना बर्दी के मिले, उनकी बर्दी पर नेम प्लेट नहीं थी। बसों में आपातकालीन खि?कियां तो थीं लेकिन अधिकतर बसों में यह आपातकालीन खि?कियां खुल नहीं रही थीं। वाहन चालकों के पास चरित्र प्रमाण पत्र नहीं था। स्कूल बसों में छात्राओं द्वारा यात्रा करने के क्रम में नियमानुसार महिला शिक्षिका का साथ होना जरूरी है, लेकिन कई बस ऐसी भी मिलीं जिनमें महिला शिक्षिका थी ही नहीं। कई बसों में क्षमता से अधिक बच्चे सवार थे।यातायात प्रभारी के अनुसार जब वह अभियान के दौरान रेलवे स्टेशन की तरफ से गुजरे तो सेंट चार्ल्स स्कूल की दो बसों के चालक बसों को सुनसान रास्ते पर झाड़ियों में छिपाकर खड़े थे। जब उन्होंने बस पर जाकर देखा तो बसों में बच्चे बैठे हुए थे। वाहन चालकों का कहना था कि वह बस चैकिंग के चलते यहां बस छिपाकर खड़े हो गए थे। बसों में छात्राएं थीं लेकिन कोई भी महिला शिक्षिका नहीं थी। जब बच्चों से इस संबंध में बात की गई तो बच्चो ने बताया कि मेडम उन्हें छो?कर स्कूल चली गई हैं। इसके पीछे का तर्क बताते हुए बच्चों ने बताया कि मेडम कह रही थीं कि अगर वह लेट हो गई तो स्कूल की सिस्टर उनकी अनुपस्थिति डाल देगी। स्कूल की उक्त शिक्षिकाओं की यह बड़ी लापरवाही है, क्योंकि उनकी जिम्मेदारी स्कूल पहुंचने से ज्यादा बस में सवार छात्राओं के प्रति थी।

### निराश्रित भवन (वृद्धाश्रम) पहुंचकर मनाई पिता की पुण्यतिथि

# माता-पिता साक्षात देवता हैं,उनकी सेवा- सुश्रुषा सबसे बड़ी पूजा है डॉ.शिव प्रताप भदौरिया,जिला समन्वयक जिनकी वजह से हमारी वजूद है,आज हम उन्हीं को भुलाते जा रहे हैं : डॉ.धीरज सिंह गुर्जर

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

माता-पिता से बढ़कर इस दुनियां में कोई नहीं है। वे इस पृथ्वी पर साक्षात देवता हैं। मां-बाप की मन से सेवा ही सच्ची पूजा है। यह बात आज निराश्रित भवन भिंड में दंदरौआधाम निवासी स्वर्गीय भारत सिंह गुर्जर( प्रधानाध्यापक) की छठवीं पुण्यतिथि के अवसर पर जन अभियान परिषद भिंड के जिला समन्वयक डॉ शिव प्रताप सिंह भदौरिया ने कही। उन्होंने कहा पाश्चात्य संस्कृति के चस्का के कारण देश में आज ऐसे हालात पैदा हो रहे हैं कि हम अपनी भारतीय सनातन संस्कृति को भूलते जा रहे हैं,जिसकी परिणिति दिनोंदिन बढ़ते वृद्धाश्रमों की संख्या के रूप में देखी जा सकती है। पारिवारिक विघटन के चलते आज वृद्धजन निराश्रित भवनों के मोहताज है।शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय क्र.1, भिण्ड में पदस्थ शिक्षक एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ.धीरज सिंह गुर्जर सुबह तड़के परिवार के साथ अपने पूज्य स्वर्गीय पिता की छठवीं पुण्य तिथि मनाने बायपास रोड भिण्ड स्थित निराश्रित भवन पहुंचे, जहां वृद्धजनों के बीच उनका सम्मान करते हुए पुण्यतिथि मनाई और उनका आशीर्वाद लिया। स्वल्पाहार कराने के उपरांत सभी का रोली चंदन से तिलक कर फूल मालाएं पहनाई और गर्म वस्त्र ऊनी शॉल आदि भेंट किए। उनसे आत्मीयता के साथ चर्चा करते हुए गुर्जर ने कहा कि आप लोगों के बीच बिताए 40- 50 मिनिट के ये पल जीवन का एक विशेष अहसास, अनुभूति दे गए और मानव जीवन की एक बहुत बड़ी सीख भी।



जिनकी वजह से हमारी वजूद है,अस्तित्व है,आज हमने उन्ही को भुला दिया।पता नही आधुनिकता और अति स्वार्थ के रंग में रंगी ये नई पीढ़ी किधर जा रही है ।

आज हम जो कुछ भी है,अपने माता-पिता और बुजुर्गों के आशीर्वाद और उनकी दुआओं की वजह से है। उन्ही का आशीर्वाद जीवन में फलीभूत होता है। रामायण में गोस्वामी तुलसीदास जी ने स्पष्ट लिखा है कि चार पदारथ करतल ताकें - प्रिय पितु-मातु प्राण सम जाकें अर्थात जिसको अपने माता-पिता प्राणों के समान प्रिय हैं, चारों पदार्थ (अर्थ,धर्म,काम और मोक्ष) उसकी मुट्ठी में रहते हैं। माता - पिता की सेवा करने वालों को संसार में कुछ भी दुर्लभ नही है।

इस अवसर पर धीरज सिंह गुर्जर के साथ उनकी पत्नी श्रीमती सुशीला गुर्जर,पुत्र मनीष,पौत्र राघव और निराश्रित भवन के डायरेक्टर एम एस कुशवाह,राघवेंद्र तोमर,जगवेंद्र पाराशर,संतोष पाठक,राज श्रीवास,मदन राठौर उपस्थित रहे।

# कैलारस–पुलिस स्टाप ने किया थाना परिसर में पौध रोपण



**गौरव शर्मा पुष्पांजलि टुडे**

एसडीओपी संजय कोच्छा ने जानकारी देते हुए बताया कि अभी हाल ही में थाना पुराने थाने में से नए थाने में शिप्ट हुआ हैं जिसमे थाना परिसर में लोगो के लिए बैठने एव धूप से बचने के लिए पे? पौधों की कमी हैं इस लिये पुलिस स्टाप दुबारा नए थाना परिसर के चारो सफाई कराई जा रही हैं एव पौध रोपण किया जा रहा पौधों का हमारे जीवन मे बहुत ब?ा महत्व हैं पौधे हमे शुद्ध हवा देते है अभी हाल ही में कोरोना काल मे हम लोगो को ऑक्सीजन बाहर से खरीद कर अपने लोगो की जान बचानी प?ी अगर पर्याप्त मात्रा में पे? पौधे तो हमे ऑक्सीजन बाहर से खरीदने आवश्यकता नही प?ती बही उप निरीक्षक वीर सिंह एव रसममंत्र गुप्ता ने कहा कि पे? पौधों से हमे कई जड़ी बूटियां प्राप्त होती हैं जो कि हमारे शरीर की बीमारी के लिए लाभदायक होती हैं नवीन थाना परिसर में स्टाप के दुबारा फल एव छाया दार पौधे लगाए जाएंगे जिससे पुलिस स्टाप एव आने बाले लोगो को शुद्ध एव स्वच्छ बातावरण मिल सके बही पुलिस स्टाप के लिए थाना परिसर में खेल का मैदान बना जा रहा हैं जिससे कि पुलिस स्टाप फिट रहेइस अवसर पर एसडीओप संजय कोच्छा, उपनिरीक्षक वीर सिंह, राममंत्र गुप्ता सहित अन्य स्टाप मौजूद रहा

# अग्रवाल महिला मंडल ने आदिवाशी क्षेत्र में किया गर्म वस्त्रों का वितरण



**गौरव शर्मा पुष्पांजलि टुडे**

**कैलारस–** अग्रवाल महिला मंडल दुबारा बहरा माता मंदिर पर आदिवाशी क्षेत्र में किया गर्म वस्त्रों का वितरण अग्रवाल महिला मंडल की अध्यक्ष सुषमा सिंघल ने बताया कि हमारे मंडल की सभी महिलाओं ने आज राज राजेश्वर महा माया भगवती माँ बहरारे के दरवार में पहुच कर पूजा अर्चना कर माता रानी के दरवार में उपस्थित आदिवासियों एव जरूरत मंदो बच्चो बुजर्ग एव महिलाओं को गर्म बस्त्र वितरण किये यहा पर उपस्थित छोटे छोटे बच्चे, बुजर्ग एव महिलाएं को बस्त्र देते देख वहा पर उपस्थित लोगों ने हमारे मंडल की सभी महिला की प्रशंसा की एव सर्दी के मौसम में आदिवासी क्षेत्र बस्त्र बितरण को सराहनीय कार्य बताया पूर्व में भी हमारे मंडल दुबारा कई धार्मिक कार्यो में जरूर मंदो का सयोग किया हैं बही हमारे मंडल की महिलाओं के दुबारा कई धार्मिक कार्य कराए जा चुके

# सरदारपुरा में ग्यारस उज्जवणा कार्यक्रम समारोह धूमधाम से आयोजित

**पुष्पांजलि टुडे। संवाददाता नरेश कुमार सिरवी। पाली राजस्थान**

**पाली राजस्थान।** रोहट उपखण्ड के राणा ग्राम पंचायत के सरदारपुरा में समस्त ग्राम वासियों की और से सामूहिक ग्यारस उज्जवणा कार्यक्रम रात्रि में विशाल भजन संध्या का आयोजन हुआ जिसमें भजन गायक शिवपुरी बालोतरा व अन्य कलाकारों ने एक से बड़कर एक भजनों की प्रस्तुतियां पेश कर भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया भजन कार्यक्रम के दौरान पाली सांसद पी पी चौधरी पाली विधायक ज्ञानचंद पारख ने शिरकत कर कार्यक्रम को सम्बोधित किया तथा प्रातः महंत साध्वी चम्पापुरी जी महाराज शिकारपुरा के सांवलराम जी महाराज दुदामनी भाखर के महंत समाधिगिरी जी महाराज कुलथाना केशरभारती जी मठ महंत गोविन्द भारती जी महाराज कुलथाना के सानिध्य में विशाल सभा व महाप्रसादी का आयोजन हुआ इस दौरान कार्यक्रम में पाली प्रधान मोहिनी देवी,भाजपा जिला सहसंयोजक पायल पटेल, पुर्व विधायक भीमराज



भाटी आहोर विधानसभा क्षेत्र से काँग्रेस प्रत्याशी सवाराम पटेल रोहट ब्लॉक काँग्रेस कमेटी के निवर्तमान ब्लॉक अध्यक्ष मंगलाराम पटेल भीण्डर स्थानीय सरपंच राधा प्रवीण कुमार पटेल पंचायत समिति सदस्य लक्ष्मणराम भूरिया मांगीलाल चौधरी खनन कमेटी जालोर के सदस्य जुंजाराम पटेल भाजपा नेता हरिभाई पटेल रूपावास, माण्डावास सरपंच प्रतिनिधि सालगदास धोलेरिया सरपंच प्रतिनिधि पेमाराम विश्नोई सहित अन्य जनप्रतिनिधियों व अतिथियों का ग्रामीणों ने साफा पहनाकर स्वागत किया इस दौरान ओटाराम आएडी ताराराम कोयला मोटाराम सरावग पेमाराम सरावग हकमाराम फक ढलाराम फक खंगाराराम जडमल मदाराम तरक कपूराराम सौलंकी धन्नाराम पटेल भूराराम पटेल डूंगराराम पटेल कानाराम सुथार सोनाराम भूंगर गोपाराम पटेल किशनाराम पटेल ताराराम प्रकाश पटेल आदि ग्रामीण व्यवस्था में तैनात रहे इस दौरान मंच संचालक भाजपा नेता टीकम पटेल ने किया।

### बाली में जन आक्रोश यात्रा का भव्य शुभारंभ

# पूर्व सरकारी उप मुख्य सचेतक राठौड़ ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा को किया रवाना



**पुष्पांजलि टुडे। संवाददाता नरेश कुमार सिरवी। पाली राजस्थान**

**पाली।** भारतीय जनता पार्टी राजस्थान प्रदेश मुख्यालय के निर्देशानुसार पाली जिले के बाली विधानसभा में जन आक्रोश यात्रा का भव्य शुभारंभ पूर्व सरकारी उप मुख्य सचेतक मदन राठौड़, पूर्व ऊर्जा मंत्री एवम बाली विधायक पुस्पेंद्रसिंह राणावत, जन आक्रोश यात्रा के विधानसभा प्रभारी गणपतसिंह निंबोल सहित बाली विधानसभा के भाजपा संगठन पदाधिकारी सहित प्रधान एवम चेयरमैन सहित सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओ की उपस्थिति में आशापुरा माताजी मंदिर नाडोल से रथ को झंडी दिखाकर रवाना किया।

# पुलिस थाना सुमावली द्वारा कॉम्बिंग गश्त के दौरान शातिर बदमाश को मय 315 बोर का कट्टा एव जिन्दा राउण्ड सहित किया गिरफ्तार



**गौरव शर्मा पुष्पांजलि टुडे**

रात्रि में कॉम्बिंग गश्त के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति रूअर फाटक तिराहे पर अवैध हथियार कट्टा लिए कोई गम्भीर वारदात करने की नीयत से घूम रहा है। उक्त सूचना पर से थाना प्रभारी सुमावली द्वारा अपनी टीम के साथ दबिश देकर रूअर फाटक तिराहे पर से एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक 315 बोर का कट्टा व एक जिन्दा राउण्ड को जप्त किया गया।पूछताछ पर उक्त आरोपी थाना सुमावली का हिस्ट्रीशीटर शातिर बदमाश निकला जिस पर थाना सुमावली, पहाड़गढ में हत्या, लूट, डकैती, चोरी, मारपीट, अवैध हथियार रखने संबंधी कई अपराध पंजीबद्ध है।उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सुमावली उनि जयपाल सिह गुर्जर, सउनि अश्वकुमार, प्रआर. रामसेवक,प्रआर. राजेन्द्र सिह, प्रआर.बनवारी आर.सतेन्द्र,आर. की अहम भूमिका रही।

# पुलिस ने सिमरिया तिराहा पर ऑटो चालक एवं सवारियों के साथ लूट करने वाले दो आरोपियों को लूटे गए माल सहित किया गिरफ्तार

### पकड़े गये लुटेरों से 9000/-रुपये नगद, सोने के एक जोड़ी कान के बाले तथा घटना में प्रयुक्त मोटर सायकिल की जप्त

**रहीश भैया 7869883786**

पुलिस अधीक्षक ग्वालियर अमित सांघी के निर्देश पर जिले के समस्त थानों में फरार आरोपियों व लुटेरों की धरपकड़ हेतु प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। आज दिनांक 04.12.2022 को पुलिस अधीक्षक ग्वालियर को जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि थाना घाटीगांव क्षेत्रान्तर्गत सिमरिया तिराहा के पास दिनांक 25.11.2022 की शाम ऑटो वाले तथा उसमें बैठी सवारियों से लूट करने वाला एक बदमाश एबी रोड मोहना स्थित बलराम होटल के पास कहीं जाने की फिराक में खड़ा है। उक्त सूचना पर पुलिस अधीक्षक ग्वालियर द्वारा अति. पुलिस अधीक्षक शहर (पूर्व/अपराध) राजेश डण्डोतिया एवं अति. पुलिस अधीक्षक शहर गजेन्द्र सिंह वर्धमान को क्राईम बांच व थाना घाटीगांव पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों के परिपालन सीएसपी मुरार/डीएसपी अपराध ऋषिकेश मीणा एवं एसडीओपी घाटीगांव हिना खान के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी क्राईम निरी0 दामोदर गुप्ता एवं थाना प्रभारी घाटीगांव उनि0 शैलेन्द्र सिंह गुर्जर के द्वारा क्राईम ब्रांच तथा थाना घाटीगांव पुलिस बल की संयुक्त टीम को मुखबिर के बताये स्थान बलराम होटल के पास भेजा गया। पुलिस टीम को उक्त स्थान पर एक संदिग्ध व्यक्ति खड़ा दिखा, जिसने पुलिस टीम को देखकर भागने का प्रयास किया लेकिन सर्तक खड़ी पुलिस टीम द्वारा उसे घेराबंदी कर धरदबोचा। पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये बदमाश से पूछताछ करने पर उसके द्वारा अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर दिनांक 25.11.2022 की शाम को एक ऑटो वाले तथा उसमें बैठी सवारियों से नगदी व सोने के जेवरात की लूट करना स्वीकार किया। पकड़े गये लुटेरें से पुलिस टीम द्वारा पूछताछ करने पर उसने बताया





गया कि उसके हिस्से में आये लुट के 6000/- रुपये में से 2000/- रुपये उसने खर्च कर लिये हैं तथा शेष रूपये उसके पास हैं। पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये आरोपी की निशादेही पर 4000/- रुपये नगद तथा घर पर बक्से में छिपाकर रखे गये लूटे गये सोने के बाले विधिवित जप्त किये गये। लूट की घटना में शामिल उसके दो अन्य साथियों के संबंध में पूछताछ करने पर उसने बताया कि उसका एक साथी ग्राम पाटई थाना आरोन तथा दूसरा ग्राम पहसारी थाना भंवरपुरा का रहने वाला है। पुलिस टीम उक्त लूट की घटना के दूसरे आरोपी के पाटई ग्राम स्थित घर पहुंची तो उसके बारे में पता चला कि वह थाना सुभाषपुरा के ग्राम नयागांव जिला शिवपुरी में है। उक्त सूचना पर पुलिस टीम मुखबिर के बताये अनुसार नयागांव पहुंची तो उक्त आरोपी पुलिस को देखकर भागने लगा जिसे हमराही बल की मदद से घेरकर पकड़ा गया। पूछताछ करने पर उसने अपने साथियों के साथ मिलकर आटो वाले की लूट करना कबूल किया। लूटे गये मशरूका के संबंध में पूछताछ करने पर उसने बताया कि उसके हिस्से में आये 6000/- रुपये में से 1000/- रुपये उसने खर्च कर लिये हैं। पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये आरोपी की निशादेही पर लूटी गई रकम में से बाकी शेष 5000/- रुपये एवं घटना में प्रयुक्त काले रंग की स्पलेण्डर मोटर सायकिल को जप्त किया गया। लूटी गई चेन के संबंध में पूछताछ करने पर उसने बताया कि भागते समय रास्ते में चेन कहीं गिर गई थी। पुलिस टीम द्वारा लूटेरों के तीसरे साथी की उसके घर ग्राम पहसारी में तलाश की गई जो अपने घर से फरार मिला। पुलिस टीम द्वारा फरार साथी की तलाश की जा रही है।ज्ञात हो कि फरियादी गांधीप्रसाद पुत्र श्री द्वारिका प्रसाद शर्मा निवासी नारायण विहार कालोनी गोले का मंदिर ग्वालियर ने थाना घाटीगाँव उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि दिनांक 25.11.2022 को मैं अपने आटो से अपनी पत्नी तथा बुआ के साथ अपने घर ग्वालियर जा रहा था तभी सिमरिया तिराहे से आगे मोड़ पर तीन लड़के एक बिना नबर की मोटर सायकिल से आये और आटो के सामने मोटरसाइकिल अड़ा दी व उसमें से एक लड़के ने मेरे ऊपर कट्टा अड़ा दिया, दुसरे लड़के ने मेरे पास रखा काले रंग का पर्स जिसमे 6400/- रुपये नगदी व तथा मेरी पत्नी के कान के सोने के इस्तेमाली बाले व गले की चेन व 10,000/- रुपये नगदी तथा मेरी बुआ का इस्तेमाली मंगलसुत्र, सफेद पर्स जिसमे 2600/- रुपये नगदी रखे थे छीनकर भाग गये। फरियादी की रिपोर्ट पर अज्ञात तीन लुटेरों के खिलाफ अप0क्र0 151/22 धारा 392, 34 भादवि का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# 3 दिसंबर 2022 को भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं के द्वारा नगर आगमन पर अनूप मिश्रा पूर्व कैबिनेट मंत्री मध्य प्रदेश शासन का स्वागत वंदन अभिनंदन

सर्वप्रथम अनूप मिश्रा द्वारा गोहद में प्रवेश करते हुए भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री माननीय अटल बिहारी वाजपेई की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया तत्पश्चात हठीले हनुमान पर आयोजित कार्यक्रम में आगंतुक सांसद श्रीमती मती संध्या राय एवं मध्य प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त से रणवीर जाटव एवं देवेंद्र नरवरिया जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी के ना आने पर कार्य क्रम प्रारंभ किया गया जिसमें सर्वप्रथम हनुमान जी का पूजन किया गया जिसमें माननीय अनूप मिश्रा पूर्व कैबिनेट मंत्री मध्य प्रदेश शासन पूर्व जिला उपाध्यक्ष भाजपा राजनारायण शर्मा पूर्व जिला उपाध्यक्ष मोहकम राणा पूर्व जिला मंत्री भाजपा लक्ष्मी नारायण शर्मा पूर्व जिला मंत्री भाजपा सुमन तोमर जिला मंत्री किसान मोर्चा अविनाश भटेले पूर्व मंडल अध्यक्ष ग्रामीण भाजपा कमल सिंह तोमर पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष भाजपा महेश श्रीवास्तव पूर्व महामंत्री चितौरा मंडल चंद्रशेखर शर्मा पूर्व महामंत्री ग्रामीण रामेंद्र कौरव पूर्व उपाध्यक्ष ग्रामीण देवेंद्र शर्मा पूर्व ग्रामीण मंत्री नारायण सिंह पूर्व उपाध्यक्ष ग्रामीण



जवान सिंह पूर्व मंडी अध्यक्ष गोहद अमृतलाल माहोर पूर्व मंडी अध्यक्ष मो अशोक यादव पूर्व युवा मोर्चा अध्यक्ष राधामोहन शर्मा पूर्व अध्यक्ष युवा मोर्चा राजेंद्र दुबे पूर्व अध्यक्ष युवा मोर्चा उमेश कांकर पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष ओ पी आर्य महामंत्री ग्रामीण मंडल बृजेश माहोर आत्म दास पूर्व पार्षद वार्ड नंबर 1 भोलाराम वार्ड नंबर 2 लाखन सिंह वार्ड नंबर 5 राघु भार्गव वार्ड नंबर 14 पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रत्याशी राजेंद्र विजय वंशी पुरुषोत्तम अरविंद पाराशर रविकांत पाराशर पूर्व पार्षद अमर सिंह कुशवाहा सरपंच चम्हाडी नीरज राणा सरपंच खडेर दिलीप सक्सेना पूर्व उपाध्यक्ष युवा मोर्चा नगर रिंकू भटेले वरिष्ठ भाजपा नेता हरगोविंद जाटव संग्राम सिंह तोमर पूर्व जनपद सदस्य भोलाराम मांझी पार्षद वार्ड नंबर 2 सेकडो की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे कार्यक्रम में पधारे अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त कमल सिंह तोमर पूर्व मंडल अध्यक्ष द्वारा किया गया कार्यक्रम का आयोजन पूर्व मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा गोहद नगर मनोज थापक द्वारा किया गया

# भिण्ड-दतिया क्षेत्र में युवाओं के प्रेरणास्त्रोत जन मानस की आबाज बने देवाशीष जरारिया

### भारत जोड़ो यात्रा मै राहुल गांधी के साथ 12 दिनों तक चले देवाशीष जरारिया

**भिंड** कामयाबी किसी की मोहताज नहीं होती है जब निस्वार्थ भाव से जनसेवा की जाए तो क्षेत्र की जनता जनसेवक को अपने दिलो दिमाग में बैठा लेती है ऐसे कई जनसेवक भिंड दतिया क्षेत्र में निरंतर आम गरीब लोगों की मदद करने के लिए तात्पर्य रहते हैं उन्हीं जन सेवकों में से एक जनसेवक को तो लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी के द्वारा टिकट देकर चुनाव लड़ाया गया था लेकिन किन्ही कारणों के चलते आम जनता का पूर्ण आशीर्वाद प्राप्त नहीं हो पाया फिर भी वह हार नहीं मानी और आज भी जनता की सेवा में लगे हुए हैं जिसके कारण भिंड दतिया क्षेत्र के अधिकतर लोग (जनता) उन्हें अपना आदर्श मानने लगे है।हम बात कर रहे है पिछले लोकसभा चुनाव 2019 में भिण्ड-दतिया लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी से टिकिट लेकर आये भारत मे 2019 के लोकसभा के चुनाव में सबसे कम उम्र के प्रत्याशी देवाशीष जरारिया की।दिल्ली यूनिवर्सिटी से शिक्षा प्राप्त कर अपनी क्षमताओं ओर प्रतिभा के बलबूते राजनैतिक जीवन मे प्रदार्पण कर अपने प्रतिद्वंदी के खिलाफ बहुत ही अल्प समय मे 400000 के आसपास मत लाकर अपनी क्षमताओ ओर प्रतिभा को लोहा मनवाकर जन-मानस का आशीर्वाद प्राप्त किया। जब एक बार जनता जनार्दन के



बीच आये फिर कभी भी क्षेत्र छोड़कर नही गए 24 घण्टे जन मानस के कार्यो के प्रति समर्पित रहे।चाहे बो पेयजल की समस्या से जूझ रहे गोहद क्षेत्र का ÷जलसत्याग्रह हो÷ सड़क दुर्घटनाओं के चलते अपनो को खो रहे लोगो के प्रति ÷ग्वालियरभिण्ड हाइवे के चौड़ीकरण की मांग÷ ÷सैनिक स्कूल को भिण्ड जिले में ही बनबाने के लिए सड़कों पर संघर्ष÷ओधोगिक क्षेत्र ÷मालनपुर मे फैक्ट्री वर्करों के साथ हो रहे अन्याय पूर्ण बर्ताव के खिलाफ सँघर्ष÷युवा साथियो के लिए बेरोजगारी की बिकराल समस्या के प्रति पूरे देश में ÷बेरोजगारी दिवस मनवाकर उनकी आबाज को बुलंद करना÷बीते वर्ष क्षेत्र में आई बाड़ और आगजनी की घटनाओं से प्रभावित हुए लोगो की मांगो को लेकर प्रदेश सरकार को उचित मुआबजे के लिए बाध्य करना,बड़े हुये बिजली बिलों के खिलाफ आंदोलन,महगाई के खिलाफ आंदोलन, दतिया जिले में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ सरकार एव सरकारी तंत्र द्वारा किये जा रहे अन्याय के खिलाफ कार्यकर्ताओ की लड़ाई ओर संघर्ष में कदम से कदम मिलकर चलना ड़र समय समय पर जनमानस के साथ उनके हर संकट में साथ देना इत्यादि।भारत जोड़ो यात्रा में 12 दिनों तक राहुल गांधी के साथ चलेपार्टी के प्रति समर्पित योद्धा बनकर देवाशीष जरारिया भिण्ड से ग्वालियर तक ओर दतिया जिले में सेवढा से दिनारा 95 किलोमीटर की पांच दिवसीय भारत जोड़ो सहयात्रा पैदल पार करते हुए आज राहुल गांधी जी के साथ बीते लगभग 12 दिनों से भारत जोड़ो यात्रा में पैदल चल रहे है।

## सम्पादकीय

### विचारधारा और जनमत

*दुनिया में एक ही साथ अनेक विचारधाराओं की सक्रियता जहां स्वाभाविक लगती है, वहीं इससे राजनीतिक चिंतन को भी विस्तार मिलता है। पिछले एक पखवाड़े की ही बात करें, तो अनुदार वामपंथ की पूरी दबंगई हमने चीन में देखी है और उसके बाद अब ब्राजील में समाजवादी-वाम विचारधारा कड़े संघर्ष में आगे आ गई है। हालांकि, सबसे ताजा मामला इजरायल का है, जहां पर दक्षिणपंथ की वापसी होती दिख रही है। इजरायल के पूर्व प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की रूढ़िवादी लिकुड पार्टी की बढ़त से लगता है कि वहां अपेक्षाकृत उदारवादियों से लोगों का विश्वास कम हुआ है। इजरायल की चिंता दूसरी तरह की भी है। वहां तीन साल में पांचवीं बार चुनाव हुए हैं। वहां लोगों को स्थिर सरकार का इंतजार है, लेकिन लोग अपनी इच्छाओं और जनादेश के मामले में बहुत बंटे हुए हैं। इस कट्टर यहूदी देश में दक्षिणपंथ के प्रति लोगों का झुकाव बढ़ा तो है, लेकिन इतना भी नहीं बढ़ा कि पूरी सत्ता उसके हाथ में थमा दें। उधर, ब्राजील में लूला द सिल्वा ने सत्ता में एक अंतराल के बाद वापसी की है। वह एक दशक बाद व भ्रष्टाचार के आरोपों के खारिज होने के तीन साल बाद सत्ता में लौटे हैं। लूला जेल में एक साल से अधिक समय बिता चुके हैं। उन्होंने चुनाव के दौरान महात्मा गांधी और नेल्सन मंडेला जैसे नेताओं का नाम भी लिया था, जो अपने समय में जेल गए थे। वैसे लैटिन अमेरिका में सबसे अधिक आबादी वाले और सबसे बड़े देश ब्राजील में लूला की सत्ता में वापसी को पर्यावरण सुरक्षा और सामाजिक न्याय की जीत माना जा रहा है। ब्राजील में दक्षिणपंथी जायर बोल्सोनारो को सत्ता से जाना पड़ा है और अब उन पर जेल जाने का खतरा मंडरा रहा है। उनका प्रचार अभियान भी इस अतिरेक के साथ चल रहा था कि जिता दो या जेल व मौत तय है। लोगों ने उन्हें हरा दिया है, लेकिन बहुत मामूली अंतर से। लूला को 50.9 प्रतिशत और बोल्सोनारो को 49.1 प्रतिशत मत मिले हैं। लूला के लिए चुनौतियां कम नहीं हैं। क्या वह इस बात को भुला देंगे कि पिछली सरकार ने उनके साथ कैसा व्यवहार किया थाड़ सवाल यह भी है कि ऐसी हार से बोल्सोनारो या दक्षिणपंथी क्या सबक लेंगे। ऐसे कौन से संकेत इन चुनाव परिणामों से उभर रहे हैंड़ मूल समस्या कहां है। दरअसल, सबसे कारगर पैमाना जनसेवा है। लोगों को जहां भी परेशानी हो रही है, वे वहां सत्ता में बदलाव कर रहे हैं। नेताओं या सत्ताधीशों को यह बात अच्छी तरह से समझ लेनी चाहिए कि जनता की उम्मीदों पर खरा उतरना सबसे जरूरी है। लोकतंत्र को बचाना है, तो लोकतंत्र का सोलह आना सम्मान भी करना होगा। लोग भूले नहीं हैं, दुनिया के सबसे पुराने लोकतंत्र अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप अपनी चुनावी हार स्वीकारने को तैयार नहीं हो रहे थे, ब्राजील में भी बोल्सोनारो को हार पचाने में बहुत तकलीफ हो रही है। दअरसल, विचारधारा कोई भी हो, जनादेश का सम्मान करना ही होगा। यह समझना होगा कि लोगों को विचारधारा से ज्यादा मतलब नहीं है, उन्हें विकास और अपनी बेहतरी से मतलब है। लोकतांत्रिक देशों के लोगों को भी परिपक्वता का परिचय देना चाहिए। लोगों का आपस में विमर्श कम हो रहा है, शायद इसीलिए ज्यादातर जगह लोग किसी एक मत या आम सहमति या स्पष्ट बहुमत तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। आज दुनिया में किसी राजनीतिक संगठन का कट्टर समर्थक होने के बजाय अपने देश-समाज का सजग हितैषी होना ज्यादा जरूरी हो गया है।*

# चुनावी बिसात पर तेज हुई जोर आजमाइश

**दिल्ली और पंजाब में आप ने कांग्रेस का आधार अपनी ओर खिसकाकर ही सरकार बनाई है, और गुजरात भी इसका अपवाद नहीं दिख रहा। यहां इस त्रिकोणीय संघर्ष के कारण भी भाजपा खुद को मजबूत मान रही है। फिर भी, बहुत कुछ इस बात पर निर्भर करेगा कि पार्टियां किस तरह के उम्मीदवारों पर दांव लगाती हैं। यहां यह चर्चा जरूर है कि जो पार्टी ढाई दशक से सत्ता में है, उसके खिलाफ अंदरूनी लहर है, लेकिन यह काफी ज्यादा इसलिए नहीं दिख रही, क्योंकि भाजपा ने इसकी काट ढूंढ़ ली है। उसने करीब एक साल पहले यहां का पूरा मंत्रिमंडल बदल दिया था। यहां तक कि नए मुख्यमंत्री की भी ताजपोशी की गई थी। यह सब इसलिए किया गया, ताकि राज्य सरकार के खिलाफ यदि लोगों में कोई असंतोष है, तो उसको दबाया जा सके। साफ है, यहां भाजपा की चुनौती न सिर्फ चुनाव जीतने, बल्कि बड़े अंतर से मैदान मारने की है। गुजरात के साथ-साथ हिमाचल प्रदेश के चुनावों पर भी लोगों की स्वाभाविक नजर है।**

गुजरात विधानसभा चुनावों का बिगुल बजने के बाद यहां के सियासी समीकरण की चर्चा शुरू हो गई है। यहां साल 1995 से ही भाजपा वोटों की दौड़ में आगे रही है और वह लगातार मजबूती से चुनाव जीतती रही है। हर बार 182 विधानसभा सीटों में से 100 से ज्यादा सीटें उसके खाते में गई हैं। पिछला 2017 का चुनाव बेशक अपवाद था, जिसमें वह सीटों का सैकड़ा पूरा करने में चूक गई, लेकिन वोट प्रतिशत के लिहाज से पूर्व की तरह कांग्रेस और उसमें बड़ा फासला (छह प्रतिशत से अधिक) रहा। दोनों दलों के बीच हर बार वोट प्रतिशत में नौ से 11 अंकों का अंतर रहा है। फिर भी, कांग्रेस यहां सफल प्रतिद्वंद्वी रही है, क्योंकि किसी तीसरे मजबूत दल का यहां अभाव रहा है। मगर इस बार उसकी राह कुछ ज्यादा कठिन जान पड़ती है, क्योंकि आम आदमी पार्टी ने यहां सफल दस्तक दी है। इससे यहां का चुनावी समीकरण बदलता दिख रहा है। आप नेता अरविंद केजरीवाल कई महीनों से यहां प्रचार कर रहे हैं, जिसका असर भी दिखने लगा है। गुजरात की जनता से बात करने पर यह महसूस होता है कि आप ने उनके बीच एक पहचान बनाई है। उनसे यदि आप दिल्ली से आने की बात कहेंगे, तो वे तुरंत पूछ बैठते हैं, आप आम आदमी पार्टी की तरफ से तो नहीं आए हैंड़ झाड़ू वाले तो नहीं हैंड़ साफ है, आप यहां चर्चा में है, लेकिन वह लोगों का कितना भरोसा जीत पाएगी, यह फिलहाल कह पाना मुश्किल है।

यहां के पिछले उप-चुनाव भी त्रिकोणीय संघर्ष के संकेत दे रहे हैं। मगर इस संघर्ष में एक तरफ भाजपा है, तो दूसरी तरफ आप और कांग्रेस। मौजूदा स्थिति यही तस्दीक करती है कि यहां भाजपा व दूसरी पार्टियों के बीच ठीक-ठाक फासला है। यहां के मतदाता भाजपा, विशेषकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से प्रभावित हैं। इसीलिए नजर इस बात पर होगी कि गुजरात चुनावों में दूसरे और तीसरे पायदान पर कौन सी पार्टी कब्जा करती हैंड़ हां, स्थानीय निकाय के चुनावों में, खासकर सूरत के इलाकों में आम आदमी पार्टी ने अच्छा प्रदर्शन किया है, जिससे उसे नई ऊर्जा मिली है, मगर यह जोश जीत में कितना बदल पाएगा, यह अभी दावे के साथ नहीं कहा जा सकता। जाहिर है, कांग्रेस के लिए यहां दोतरफा जंग है। एक तरफ उसे भाजपा से लड़ना है, तो दूसरी तरफ, आप से मिल रही चुनौतियों से पार पाना होगा। बावजूद इसके उसकी चाल सुस्त दिखती है। भाजपा और आप जहां पुरजोर तरीके से अपनी उपस्थिति दर्ज कर रही हैं, अमित शाह व अरविंद केजरीवाल जैसे नेता लगातार सक्रिय हैं, वहीं मतदाता कांग्रेस के पास ढंग




का नेतृत्व न होने की बात कह रहे हैं। किसी दौर में बेशक कांग्रेस यहां मजबूत दल हुआ करती थी, लेकिन अब वह काफी कमजोर लग रही है। वह घर-घर जाकर अभियान चलाने का दावा जरूर कर रही है, लेकिन इसका असर शायद ही दिख रहा है। उसकी मुश्किल यह भी है कि आप जितना ऊपर उठेगी, कांग्रेस उतना नीचे की तरफ जाएगी। दिल्ली और पंजाब में आप ने कांग्रेस का आधार अपनी ओर खिसकाकर ही सरकार बनाई है, और गुजरात भी इसका अपवाद नहीं दिख रहा। यहां इस त्रिकोणीय संघर्ष के कारण भी भाजपा खुद को मजबूत मान रही है। फिर भी, बहुत कुछ इस बात पर निर्भर करेगा कि पार्टियां किस तरह के उम्मीदवारों पर दांव लगाती हैं। यहां यह चर्चा जरूर है कि जो पार्टी ढाई दशक से सत्ता में है, उसके खिलाफ अंदरूनी लहर है, लेकिन यह काफी ज्यादा इसलिए नहीं दिख रही, क्योंकि भाजपा ने इसकी काट ढूंढ़ ली है। उसने करीब एक साल पहले यहां का पूरा मंत्रिमंडल बदल दिया था। यहां तक कि नए मुख्यमंत्री की भी ताजपोशी की गई थी। यह सब इसलिए किया गया, ताकि राज्य सरकार के खिलाफ यदि लोगों में कोई असंतोष है, तो उसको दबाया जा सके। साफ है, यहां भाजपा की चुनौती न सिर्फ चुनाव जीतने, बल्कि बड़े अंतर से मैदान मारने की है। गुजरात के साथ-साथ हिमाचल प्रदेश के चुनावों पर भी लोगों की स्वाभाविक नजर है। दोनों राज्यों में मतगणना 8 दिसंबर को होगी।

पिछले दो-तीन दशकों में देखें, तो हिमाचल प्रदेश में हर चुनाव में सरकार बदलती रही है। आम आदमी पार्टी ने यहां पर भी अपनी दावेदारी जताने की कोशिश की है, लेकिन पिछले छह माह की सियासी गतिविधियों से यही जान पड़ता है कि वह यहां शायद ही कोई खास टक्कर दे सके। कुल मिलाकर, हिमाचल में कांग्रेस और भाजपा ही आमने-सामने होंगी। इसीलिए हर चुनाव में सरकार बदलने की संभावना के आधार पर कहा जा सकता है कि इस बार सत्तारूढ़ भाजपा को कांग्रेस से कड़ी टक्कर मिल रही है। इसकी तस्दीक एक साल पहले हुए विधानसभा उप-चुनावों के नतीजे भी करते हैं और लोकसभा उप-चुनाव के परिणाम भी, जिनमें कांग्रेस का ग्राफ भाजपा से काफी ऊपर रहा था। यहां आम मतदाताओं में सत्तारूढ़ दल के प्रति कुछ असंतोष दिखाई देता है। खासकर पेंशन योजना को लेकर, क्योंकि यहां सरकारी कर्मचारियों की संख्या काफी ज्यादा है, जो चुनाव में तुलनात्मक रूप से कहीं ज्यादा असरंदाज होते हैं। यही वजह है कि हर चुनाव में यहां सरकारी कर्मचारियों के मूड को भांपने का प्रयास किया जाता है। इस बार इन कर्मचारियों में नाराजगी दिख रही है, भले यह बहुत ज्यादा न हो। इसका खामियाजा भाजपा को भुगतना पड़ सकता है। हालांकि, पार्टी ने इसके खिलाफ भी कमर कस ली है। चुनावी टिकटों का बंटवारा बताता है कि उसने करीब एक-तिहाई मौजूदा विधायकों का टिकट काट दिया है और नए चेहरों पर भरोसा किया है। उसकी यह रणनीति पूर्व में कई राज्यों में सफल रही है। इससे होता यह है कि स्थानीय विधायक के प्रति लोगों की नाराजगी सत्ता विरोधी रुझान में नहीं बदल पाती। हालांकि, यहां दोनों मुख्य दलों में भारी अंतर्कलह भी है। नतीजतन, कई बागी नेता भी चुनावी मैदान में अपनी किस्मत आजमाने उतर चुके हैं। लिहाजा, यहां नजर इस बात पर भी रहेगी कि ये बागी अपनी पूर्व पार्टी का कितना नुकसान करते हैंड़ जाहिर है, इससे यहां चुनावी समीकरण नया रूप लेता दिख रहा है, जिससे मुकाबला कांटे का हो सकता है।

# मिस्र से निकलनी ही चाहिए पर्यावरण बचाने की राह

धरती पर मंडरा रहे जलवायु खतरों से निपटने के लिए संयुक्त राष्ट्र की सालाना बैठक 6-18 नवंबर के बीच मिस्र के शर्म अल शेख में आयोजित हो रही है। जलवायु के बचाव के लिए इसे इस दशक की निर्णायक बैठक माना जा रहा है, क्योंकि विशेषज्ञों का स्पष्ट मत है कि बातें बहुत हो चुकी हैं और अब खतरे से निपटने के लिए सिर्फ काम किए जाने की जरूरत है। पेरिस जलवायु समझौते के तहत व्यक्त की गई प्रतिबद्धताओं को हासिल करने के लिए महज आठ साल का वक्त बचा है, लेकिन जब यह बैठक हो रही है, तब दुनिया के सामने कई सवाल खड़े हैं। महामारी से उबर रही दुनिया के समक्ष रूस-यूक्रेन युद्ध ने ऊर्जा से जुड़ी चुनौतियां पैदा की हैं, जो यह संकेत दे रही हैं कि इससे जीवाश्म ईंधन पर से घट रही निर्भरता फिर से बढ़ सकती है। वर्ष 2015 में हुए पेरिस समझौते पर 193 देशों ने हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते का लक्ष्य यह था कि सभी देश स्वेच्छा से ऐसे प्रयास करेंगे, जिनसे ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन घटे और सदी के अंत तक वैश्विक तापमान बढ़ोतरी को डेढ़ डिग्री तक सीमित किया जा सके। यह बढ़ोतरी अभी भी बहुत ज्यादा है। इसी रफ्तार के साथ दुनिया चलती रही, तो सदी के आखिर तक तापमान बढ़ोतरी 2.5 डिग्री की हो जाएगी, जो महाविनाश का कारण बन सकती है। शर्म अल शेख में जब जलवायु कार्रवाई की बात होगी, तो उसमें यह सुनिश्चित किया जाना है कि 2030 के बाद उत्सर्जन में कमी शुरू होनी चाहिए। दुनिया को इसी के मद्देनजर कार्य करना है। इसके लिए पिछले साल ग्लासगो में हुई काप-26 में यह तय किया गया था कि सभी देश अपने उत्सर्जन के पुराने लक्ष्यों को बढ़ाएं, क्योंकि पूर्व के लक्ष्य कम हैं। संयुक्त राष्ट्र के पास अभी तक भारत समेत सिर्फ 24 देशों ने ही अपने बढ़े हुए लक्ष्यों की सूचना दी है। उम्मीद की जानी चाहिए कि बाकी देश भी सम्मेलन के दौरान अपने-अपने बढ़े हुए लक्ष्य घोषित कर देंगे। इन्हीं के आधार पर काप-27 में यह तय होगा कि क्या ये लक्ष्य पर्याप्त हैं, जो साल 2030 के बाद कार्बन उत्सर्जन में कमी का रुझान लाएंगे। यदि ये कम पाए जाते हैं, तो सभी देशों को फिर से अपने लक्ष्य बढ़ाने के लिए भी कहा जा सकता है।



जलवायु लक्ष्यों पर कार्य करने के लिए इस सम्मेलन में कुल चार मुद्दों पर कार्रवाई की बात होगी। इनमें एक है अल्पीकरण (मिटीगेशन), जिसके तहत ऐसे प्रयास करना है, जिससे ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन स्रोतों में कमी लाई जा सके। जैसे जीवाश्म ईंधन का इस्तेमाल घटाना, कम ऊर्जा खपत सुनिश्चित करना आदि, ताकि कुल उत्सर्जन में कमी आए। दूसरा है अनुकूलन, जिसके तहत ऐसे प्रयास दुनिया को करने हैं, जिनसे अब तक हो चुके जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को न्यूनतम किया जा सके। मसलन, समुद्र का जलस्तर बढ़ चुका है, तो उसके खतरों से निपटने के लिए पुख्ता उपाय करने होंगे। कहीं गरमी अत्यधिक है, तो उसे बचाव के उपाय करने होंगे। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को इस खतरे से बचाने के उपाय किए जा सकें। तीसरा जो प्रमुख मुद्दा है, वह जलवायु क्षतिपूर्ति का है। जलवायु खतरों के कारण लोगों को भारी क्षति हो रही है, कहीं बाढ़ से, कहीं सूखे से, तो कहीं तूफान से। इस क्षति की भरपायी कौन करेड़ इस मुद्दे पर चर्चा होती आई है, लेकिन वह किसी मुकाम पर नहीं पहुंची। गरीब एवं विकासशील देश चाहते हैं कि जलवायु क्षतिपूर्ति की भरपायी का एक तंत्र बनना चाहिए, लेकिन अमीर देशों ने पिछली काप में भी इसे टाल दिया था। इस बार फिर यह मुद्दा सामने है और बार-बार इसे टालना संभव नहीं होगा। चौथा और सबसे अहम मुद्दा है जलवायु वित्त पोषण का। दरअसल, जलवायु की मार का सामना वैसे तो पूरी दुनिया कर रही है, लेकिन जो अमीर देश हैं, उनके पास संसाधन ज्यादा हैं तथा वे अपने खतरे को न्यूनतम करने में कामयाब रहते हैं। विकासशील और गरीब देशों की मुश्किलें ज्यादा हैं, उनके पास संसाधनों की कमी है। ऐसे में, जलवायु खतरों से लड़ने के लिए हरित कोष को साकार करने का मुद्दा भी फिर उठेगा। अमीर देशों ने प्रतिवर्ष 100 अरब डॉलर की राशि देने की अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन नहीं किया है। अन्य देश इस राशि को बढ़ाने की भी मांग कर रहे हैं।

# फौलाद सी हस्ती जमशेद जे ईरानी

मंगलवार की सुबह जब मैं जगा, तब डॉक्टर जमशेद जे ईरानी के दुनिया से चले जाने की दुखद सूचना मिली। वह एक ऐसे शख्स थे, जिनकी मैं पहले हमेशा दूर से प्रशंसा किया करता था, लेकिन पिछले तीन दशकों में उन्हें घनिष्ठ रूप से जानने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। अब एक असाधारण गुरु के साथ न होने का सिर्फ दर्द ही नहीं हो रहा, एक बुद्धिमान पुराने दोस्त के चले जाने की पीड़ा बहुत तीव्रता से महसूस हो रही है। यह उनकी पत्नी डेजी ईरानी, उनके तीन बच्चों, जुबिन, नीलोफर, तनाज और उनके प्रियजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करने का समय है। एक लेख भर की यह जगह जमशेद जे ईरानी की पूरी विरासत को बताने और व्यक्तिगत रूप से मेरे जीवन पर पड़ने वाले प्रभावों को दर्शाने के लिए अत्यंत सीमित है। सर जे जे ईरानी, जैसा कि उन्हें सन 1997 में महारानी एलिजाबेथ द्वितीय द्वारा मानद नाइटहुड प्रदान किया गया था, मेरे गृह निर्वाचन क्षेत्र जमशेदपुर के एक महान व्यक्तित्व थे। वह चार दशकों से भी अधिक समय तक टाटा स्टील और जमशेदपुर से गहरे जुड़े रहे। यह बात अनायास ही मुस्कान लाती थी कि उनके नाम में जमशेदपुर शब्द का भी एक हिस्सा प्रमुखता से आता था। आज से 28 साल पहले, जब जमशेदपुर बिहार राज्य का हिस्सा हुआ करता था और माफिया के आतंक से बुरी तरह जूझ रहा था, तब टाटा स्टील के तत्कालीन प्रबंध निदेशक ईरानी ने बिहार सरकार से एक ऐसा अधिकारी देने का अनुरोध किया था, जो इस्पात नगरी की समस्याओं का समाधान कर सके। तब एक सौभाग्य के रूप में मुझे अपने अद्भुत शहर की सेवा करने और उस हस्ती के साथ निकटता से संवाद करने का आनंद भी प्राप्त हुआ। एक ऐसी हस्ती का सान्निध्य मिला, जिन्होंने जमशेदपुर शहर और पूरे राज्य में अपनी मौजूदगी से कमान संभाल रखी थी। पहले मुझे एहसास नहीं हुआ था, लेकिन बाद में जे जे ईरानी के कार्यों का मेरे जीवन पर अमिट प्रभाव पड़ा। जमशेदपुर में पुलिस अधीक्षक के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान मुझे कई मोर्चों पर उनका अपार सहयोग हासिल हुआ। वह अपने समय और संसाधनों के साथ अथाह सीमा तक उदार थे। वह जमशेदपुर से इतना प्यार करते थे कि उन्हें अगर यह पता भर चल जाए कि कोई काम उनके शहर के हित में है, वह उसके लिए किसी भी हद तक जा सकते थे। मुझे समय-समय पर अपने अनेक अनुरोधों पर उनका 'ओके अजॉय' कहना अभी खूब याद आ रहा है। बाहरी लोगों को टाटा कंपनी के आवास दिलाने के मामले से लेकर हर जंक्शन पर ट्रैफिक लाइट लगाने में सहायता करने तक मेरे अनगिनत अनुरोधों को उन्होंने सहर्ष स्वीकार किया। देश में एक कुशलतम उद्योग अधिकारी प्रबंधक के रूप में ख्यात जे जे ईरानी का उद्देश्य जमशेदपुर को हर हाल में सुरक्षित रखना था और इसे सुनिश्चित करने में उन्होंने मेरा और पूरे प्रशासन का हरसंभव सहयोग किया। उन्होंने यह सिद्ध किया कि सुरक्षित जमशेदपुर कोई कोरा सपना नहीं था। इस प्रकार, मुझे बहुत खुशी हुई थी, जब मैं और मेरे सहयोगी जमशेदपुर को 'अपराध के शहर' से 'आनंद और शांति के शहर' में बदलने में कामयाब हुए। इस सच्चाई को साकार करने की राह में ईरानी की कोशिशों और योगदान की भूमिका कतई छोटी नहीं थी। उनका प्रभाव आज भी पूरे जमशेदपुर में देखा जा सकता है, चाहे सड़कें हों, खेल सुविधाएं हों, अस्पताल हों, स्कूल हों या पुल (उदाहरण के लिए, मैंगो ब्रिज)। उनके काम पूरे शहर के चप्पे-चप्पे पर नजर आते हैं। जमशेदपुर में किसी सामान्य दिन शहर का एक भी ऐसा हिस्सा खोजना लगभग असंभव है, जहां जे जे ईरानी का असर न झिलमिलाता हो। बाद में, मुझे जे जे ईरानी के साथ उस टाटा स्टील में भी काम करने का सौभाग्य मिला, जिस संस्थान ने उन्हें स्टील मैन ऑफ इंडिया का उपनाम अर्जित करने का मंच प्रदान किया था। टाटा स्टील के साथ अपने समय के दौरान मुझे कॉरपोरेट जगत के साथ तालमेल बिठाने में मदद करने में उनका लगातार सहयोग याद है। वह जिस धातु के उत्पादन से जुड़े थे, उसकी अनेक विशेषताओं से भी सराबोर थे। इस्पात के साथ वह बहुत चाव से जुड़े थे और उन्होंने अपने फौलादी इरादों का कई बार इजहार किया। उनमें दृढ़ संकल्प भी था और पर्याप्त लचीलापन भी, जो उन्हें तमाम बाधाओं पर विजय दिलाता था। वास्तव में, प्रसिद्ध उद्यमी-अधिकारी रूसी मोदी के निधन के बाद टाटा स्टील को ठीक यही चाहिए था। यह वह दौर था, जब टाटा स्टील को बदलते वैश्विक परिदृश्य में गिरते लाभ सहित कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा था। हालांकि, जे जे ईरानी के नेतृत्व में टाटा स्टील ने गुणवत्ता और ग्राहकों की संतुष्टि पर पूरा ध्यान देने के साथ खुद को फिर स्थापित करने में सक्षम हुआ। उनके नेतृत्व में टाटा स्टील ने विषम परिस्थितियों के बावजूद शुद्ध लाभ में 31 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की थी। इस लेख में जिन गुणों का मैंने ऊपर संक्षेप में उल्लेख किया है, उनके अलावा, एक गुण और है, जिसकी मैंने सबसे अधिक प्रशंसा की है, वह है जे जे ईरानी की सत्यनिष्ठा। कोई आश्चर्य नहीं कि उन्हें कॉरपोरेट प्रशासन और कंपनी कानून पर केंद्र सरकार की विशेषज्ञ समिति की अध्यक्षता करने के लिए चुना गया था। मैं इस तरह के कार्य के लिए उनसे बेहतर नाम या विकल्प सोच भी नहीं सकता था। जैसा कि उन्होंने अपने जीवन में दिखाया, उनका दृष्टिकोण यह था कि जब किसी कंपनी या किसी संगठन की बात आती है, तब अच्छा कॉरपोरेट प्रशासन और विकास की भूख असंगत नहीं है, बल्कि ये दोनों अलग-अलग ऐसे तत्व हैं, जो साथ मिलकर एक मजबूत मिश्रित धातु का निर्माण करते हैं। ईरानी को बहुत याद किया जाएगा, लेकिन जैसा कि मैंने हाल ही में एक अद्भुत किताब में पढ़ा है, 'मौत एक जिंदगी को खत्म करती है, एक रिश्ते को नहीं।' और इसीलिए मैं सिर्फ उस रिश्ते के लिए आभारी हो सकता हूं, जिसे हम उनके समय बढ़ाने में सक्षम थे। आप हमें बहुत याद आएंगे, डॉक्टर जमशेद जे ईरानी।

> **चार दशकों से भी अधिक समय तक टाटा स्टील और जमशेदपुर से गहरे जुड़े रहे। यह बात अनायास ही मुस्कान लाती थी कि उनके नाम में जमशेदपुर शब्द का भी एक हिस्सा प्रमुखता से आता था। आज से 28 साल पहले, जब जमशेदपुर बिहार राज्य का हिस्सा हुआ करता था और माफिया के आतंक से बुरी तरह जूझ रहा था, तब टाटा स्टील के तत्कालीन प्रबंध निदेशक ईरानी ने बिहार सरकार से एक ऐसा अधिकारी देने का अनुरोध किया था, जो इस्पात नगरी की समस्याओं का समाधान कर सके। तब एक सौभाग्य के रूप में मुझे अपने अद्भुत शहर की सेवा करने और उस हस्ती के साथ निकटता से संवाद करने का आनंद भी प्राप्त हुआ। एक ऐसी हस्ती का सान्निध्य मिला, जिन्होंने जमशेदपुर शहर और पूरे राज्य में अपनी मौजूदगी से कमान संभाल रखी थी। पहले मुझे एहसास नहीं हुआ था, लेकिन बाद में जे जे ईरानी के कार्यों का मेरे जीवन पर अमिट प्रभाव पड़ा। जमशेदपुर में पुलिस अधीक्षक के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान मुझे कई मोर्चों पर उनका अपार सहयोग हासिल हुआ। वह अपने समय और संसाधनों के साथ अथाह सीमा तक उदार थे।**

# मंगधा यादव समाज द्वारा बिंद्रानवागढ़ में चुनाव हेतु रखा गया बैठक

गरियाबंद मगधा यादव समाज का गरियाबंद ब्लाक का बिद्रानवागढ मे चुनाव हेतु बैठक रखा गया सभी समाज प्रमुखो द्वारा भगवान श्री कृष्ण जी की पुजा अर्चना कर कार्यक्रम को प्रारंम्भ किया गया जिसमे जिलाध्यक्ष रिखी राम यादव संरक्षक बहादुर यादव हेमलाल यादव उपाध्यक्ष नथन यादव जिला सह सचिव एव युवा कांग्रेस बिद्रानवागढ विधान सभा महासचिव



एव वैद्य राज संघ जिला सचिव गरियाबंद यशवंत कुमार यादव की गरिमामयी उपस्थित मे सभी समाज प्रमुख बंधुओ के द्वारा सर्व सम्मति से मगधा यादव गरियाबंद ब्लाक अध्यक्ष बजरंग यादव संरक्षक अमृत यादव उपाध्यक्ष टिकेश्वर यादव कार्तिक यादव बसंत यादव सचिव जगदेव यादव सह सचिव माधव यादव रमन यादव प्रवक्ता डिलेश यादव युवा ब्लाक अध्यक्ष हरीश यादव कोषाध्यक्ष भोजलाल यादव सह कोषाध्यक्ष लेखू राम यादव जी को बनाया गया जिसमे प्रमुख रूप से मगधा यादव समाज उपाध्यक्ष धवलपुर सर्कल धरम यादव ओड सर्कल उपाध्यक्ष पुनीत यादव पारागांवडीह सर्कल अध्यक्ष घासीराम यादव बिद्रानवागढ सर्कल अध्यक्ष पुनीत राम यादव कोसमी सर्कल अध्यक्ष श्याम लाल यादव किशोर यादव सोनसाय यादव निरंजन यादव छेदन यादव मनराखन यादव माखनराम यादव छोटु यादव बाल्मीकि यादव सभी समाज प्रमुखो द्वारा समाज के उत्थान विकास शिक्षा स्वास्थ्य समाज के नए पुराने नियम इत्यादी विषय पर विशेष रूप से चर्चा किया गया एव बड़ी संख्या मे मगधा यादव समाज का पदाधिकारीयों का मनोनयन कर कार्यक्रम को सफल बनाया गया।

# 2 लाख रुपये लेकर आओ तभी घर के अंदर कदम रखना

**रहीश भैया 7869883786**

**ग्वालियर / घाटीगांव।** 2 लाख रुपये की मांग को लेकर शारीरिक और दिया है। पुलिस ने पीडिता की शिकायत पर 0 पर कायमी महिला थाने ग्वालियर में की गई और सभी मुकेश बंजारा, अंगूरी, सरदार सिंह और सरोज के द्वारा लगातार प्रताडना दी जा रही थी। जब पीड़िता ने 2 लाख







मानसिक प्रताणना झेल रही विवाहिता ने आखिरकार पुलिस में ससुरालियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई, जिसमें पति सहित ससुराल के अन्य लोगों पर दहेज मांगने को लेकर आरोप लगाये। महिला ने आरोप में यह भी बताया कि ससुरालियों ने घर से बाहर भी निकाल आरोपियों के खिलाफ एफ आई दर्ज घाटीगांव थाने में कर ली है। घाटीगांव थाना पुलिस के अनुसार फरियादिया अंकिता राधा बाई पति मुकेश बंजारा उम्र 24 वर्ष ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 5 वर्ष पहले मेरी शादी हुई थी तब से ही मुझे ससुरालीजनों की मांग की पूर्ति नहीं की तो विवाहिता को ससुरालियों ने मानसिक एवं शारीरिक पीडा दी गई और कुछ दिन पहले मुझे मारपीट करके घर से निकाल दिया और कहा कि अपने बाप से 2 लाख रुपये लेकर आओ तभी घर में घुसना।

# गोहरापदर माध्य. शाला भवन में कांदाडोंगर परिक्षेत्र मंगधा यादव समाज किया गया चुनाव



**संवाददाता हेमचंद नागेश कि रिपोर्ट**

मगधा यादव समाज जिला-गरियाबंद(छ ग)के मार्गदर्शन एवं संचालन में आज 4/12/2022रविवार 10ः00 से3ः30बज दोपहर तक गोहरापदर माध्य.शाला भवन में कांदाडोंगर परिक्षेत्र /वि खं मैनपुर के अध्यक्ष एवं मुख्य सचिव पद के लिए तीनों खण्ड दाबरीगुडा, गुरजीभाटा और चिचिया के 25 मतदाताओं ने अपने -अपने चहेते को बाकायदा मतदान किया ।मतदान कार्य सम्पादन करने में श्री केशरी खरसैल ,श्री सुरेश राम यादव एवं श्री शिवराज यादव ने का योगदान रहा।अध्यक्ष के पद पर श्री खुदेश्वर भैसाल मुडगेलमाल एवं मुख्य सचिव के पद पर श्री गणेश यादव चिचिया वाले ने चुनाव जीते।बाकी उपाध्यक्ष श्री उत्तर कुमार यादव, कोषाध्यक्ष श्री परमानंद बेमाल, संरक्षक श्री पतिराम बाग ,प्रवक्ता श्री भीखम यादव ,मीडिया प्रभारी श्री हरश लाल खरसैल एवं तीनों खण्डों से एक-एक वरिष्ठ सदस्य मनोनीत किया गया है।बहुत ही शांतिपूर्ण माहौल में चुनाव कार्य सम्पन्न हुआ ।

# डबरा में हुई सनसनीखेज लूट में फरार मुख्य तीनों आरोपी को किया गिरफ्तार लूटी गई रकम में से अभी तक लगभग 26 लाख रूपये किये बरामद

## मौ जिला भिण्ड से दो फरार लुटेरों को पकड़कर 14 लाख रूपये व एक कट्टा मय राउण्ड के किया बरामद

**रहीश भैया 7869883786**

**ग्वालियर।** थाना डबरा क्षेत्र के व्यस्ततम ठाकुर बाबा रोड पर दिनदहा? गल्ला व्यापारी पर गोलियां चलाकर बाइक सवार बदमाश 35 लाख रुपए लूट ले गए थे। लुटेरों ने लूट की सनसनीखेज अमित सांघी,भापुसे द्वारा घटना स्थल पर जाकर जायजा लिया था और उक्त लूट की घटना का शीघ्र पर्दाफाश कर लुटेरों की गिरफ्तारी हेतु अति.पुलिस अधीक्षक शहर(पूर्व/अपराध) श्री राजेश डण्डोतिया एवं अति. पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री जयराज पर से ग्राम खुजूरियाई थाना डबरा देहात से गिरफ्तार किया गया था। पक? गये आरोपी से पुलिस टीम द्वारा विस्तृत पूछताछ करने पर उसके द्वारा अपने साथियों सहित उक्त लूट की घटना कारित करना स्वीकार किया। पक? गये आरोपी के पास से पुलिस टीम





**फरार एक अन्य आरोपी को डबरा पुलिस द्वारा दो दिन पूर्व पकड़ा जा चुका है जिसके पास से लूटी गई रकम में से 05 लाख 50 हजार रूपये व एक कट्टा मय राउण्ड के पुलिस द्वारा जप्त किया गया।**

वारदात को अंजाम उस समय दिया, जब गल्ला व्यापारी अपने सहयोगी के साथ बैंक से 35 लाख रुपए निकालकर घर लौट रहा था। उक्त लूट की बारदात को गंभीरता से लेते हुए अति. पुलिस महानिदेशक/पुलिस महानिरीक्षक ग्वालियर जोन श्री डी.श्रीनिवास वर्मा,भापुसे एवं पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री कुबेर को टीमें बनाकर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था। उक्त लूट की घटना के शेष फरार आरोपियों की गिरफ्तारी व लूटी गई रकम की बरामदगी हेतु पुलिस अधिकारियों के मार्गदर्शन में क्राईम ब्रांच सहित पुलिस की एक दर्जन टीमें लगातार कार्यवाही कर रहीं थीं।वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों के परिपालन में सीएसपी मुरार/डीएसपी अपराध श्री ऋषिकेश मीणा,भापुसे, एसडीओपी डबरा श्री विवेक कुमार शर्मा के निर्देशन में ग्वालियर पुलिस की टीमें लगातार लूट की घटना के शेष आरोपियों को पकड़ हेतु उनके छिपने के संभावित स्थानों पर दबिस दे रहीं थी। इसी क्रम में आज दिनांक 03.12.2022 को पुलिस अधीक्षक ग्वालियर को जरिए मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि विगत दिनों डबरा में हुई लूट की घटना के फरार आरोपियों को थाना मौ जिला भिण्ड क्षेत्रान्तर्गत देखा गया है। उक्त सूचना पर से क्राईम ब्रांच की टीमों को भिण्ड पुलिस से समन्वय स्थापित कर उक्त सूचना की तस्दीक कर फरार आरोपियों को पकड़ने हेतु भेजा गया। क्राईम ब्रांच ग्वालियर की टीमों द्वारा भिण्ड क्राईम ब्रांच की टीम के साथ मिलकर मौ जिला भिण्ड से उक्त घटना में फरार दो आरोपियों को धरदबोचा। पकड़े गये आरोपियों ने पूछताछ में विगत दिनों डबरा में हुई लूट की घटना कारित करना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपियों की निशादेही पर लूटी गई रकम में से 14 लाख रूपये व एक कट्टा मय राउण्ड के बरामद कर लिये गये हैं। लूटी गई शेष रकम बरामदगी हेतु फरार शेष आरोपियों की सरगर्मी से तलाश की जा रही है।ज्ञात हो कि डबरा लूट की घटना में फरार एक मुख्य आरोपी को दो दिवस पूर्व पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना द्वारा लूटे गये रूपयों में से 05 लाख 50 हजार रूपये व एक कट्टा मय राउण्ड के जप्त किया गया। पक? गये आरोपी द्वारा अपने साथियों के साथ मिलकर थाना पिछोर में व्यापारी के साथ, थाना चीनोर में फायनेंस कंपनी के एवं थाना घाटीगांव क्षेत्र में अर्टिका कार की लूट कारित करना भी स्वीकार किया, जिसके संबंध में पूछताछ की जा रही है।

**बरामद मशरूका-** मौ से पकड़े गये लुटेरों से 14 लाख रूपये व एक कट्टा मय राउण्ड, डबरा देहात क्षेत्र से पकड़े गये लुटेरे से 05 लाख 50 हजार रूपये व एक कट्टा मय राउण्ड मुख्य भूमिकाः- दिनेश तोमर, प्र.आर. अर्चना कंसाना, प्रदीप यादव, भानुप्रताप कुशवाह, श्याम शर्मा,

**सराहनीय भूमिका-** उक्त लूट के आरोपियों को गिरफ्तार करने में थाना प्रभारी क्राईम ब्रांच निरीक्षक दामोदर गुप्ता, थाना प्रभारी डबरा शहर निरीक्षक विनायक शुक्ला, क्राईम ब्रांच टीम- उप निरीक्षक राहुल अहिरवार, अमित शर्मा, सउनि राजकुमार राजावत, प्र.आर. जितेन्द्र तोमर, मनोज एस., भगवती सोलंकी, अनिल गुप्ता, आरक्षक राहुल यादव, अरूण पवैया, पवन झा, रणवीर शर्मा, अभिषेक तोमर, रूपेश शर्मा, प्रमोद शर्मा, आर. चालक राजकुमार व धर्मेन्द्र कुमार जिला भिण्ड टीम- उप निरीक्षक शिवप्रताप राजावत, दीपेन्द्र यादव, सउनि सत्यवीर, प्र.आर प्रमोद पाराशर, सत्येन्द्र यादव, आरक्षक राहुल यादव, यतेन्द्र राजावत थाना डबरा टीम- उप निरीक्षक मोहर सिंह, आरक्षक अभिनाश पटसारिया, रामवरन लोधी, विकास राठौर सायबर टीम- प्र.आर.संजय सिंह जादौन, आरक्षक जैनेन्द्र गुर्जर, आकाश पाण्डे, कपिल पाठक, हेमन्त चौहान, अजय राठौर, मनोज भारद्धाज की सराहनीय भूमिका रही।

# सीरवी छात्रवास पाली में श्रद्धालुओं का किया भव्य स्वागत

**पुष्पाजंली टुडे**

**पाली ।** मुम्बई खार घर आईमाता बढेर बम्बई महाराष्ट्र के पुजारी गजाराम महाराज रामचंद्र शर्मा का 2 नवम्बर को बम्बई महाराष्ट्र से पैदल यात्रा भगतगण आस्था से बिलाड़ा धाम के लिए महाराष्ट्र गुजरात होते हुए राजस्थान बढेरों में जगह-जगह स्वागत फूल मालाओं ढोल गाजे बाजों से मारवाड़ जंक्शन सीरवी छात्रवास में समाज गणों ने स्वागत किया।आज सोजत रोड़ होते हुए अटबडा से लगभग सोमवार 5 नवंबर को बिलाड़ा धाम पहुंचेंगे। इस अवसर पर पाली सीरवी छात्रावास संस्था के अध्यक्ष सुरेश व्यवस्थापक रमेश सीरवी सहित समाज के गणमान्य लोग उपस्थित थे । ये जानकारी चौधरी खेताराम महाराज द्वारा दी गई।



# व्यापारियों के डे-नाइट क्रिक्रेट मैच की तैयारियों के लिये आयोजन समिति की बैठक संपन्न

कैट ग्वालियर द्वारा 11 दिसंबर को आयोजित होने वाल डे-नाइट क्रिकेट मैच की तैयारियों को लेकर होटल रॉयल इन, सिटी सेंटर में कैट कोर ग्रुप की बैठक एवं आयोजन समिति की बैठक आयोजित की गई। कैट मध्यप्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र जैन के मुख्य आतिथ्य में अयोजित बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रवि गप्ता ने की। बैठक में क्रिकेट मैच के मुख्य संयोजक विपुल गुप्ता ने अभी तक के आयोजन की तैयारियों के संबंध में सभी कोर सदस्यों को अवगत कराया।महामंत्री मुकेश जैन ने बताया कि विभिन्न सिमितियां अपना कार्य संभाल रही है और यह ऐतिहासिक आयोजन होगा। इसमें लगभग 2000 से अधिक लोगों को आमंत्रण पत्र भेजे जा रहे हैं एवं कैट सदस्यों को फुड जोन एवं गेम जोन के निःशुल्क कूपन दिये जायेंगे। संयोजक राहुल अग्रवाल नीरज चौरसिया ने बताया कि प्रत्येक कोर सदस्य अपने ईष्ट मित्रों एवं अन्य परिवारजनों को भी आमंत्रित कर सकता है।





बैठक में महिला विंग अध्यक्ष साधना सांडिल्य, महामंत्री रानी बंसल कोषाध्यक्ष जे. सी. गोयल सहित विपुल गुप्ता, विवेक मिश्रा, सौरभ जैन, मनोज चौरसिया, गोपाल जायसवाल, राहुल अग्रवाल, नीरज चौरसिया, राकेश शर्मा, उदित चतुर्वेदी, अमित अरोरा, संजय नीखरा, शिव कुमार, सुनील जैन, राघवेन्द्र सिंघल, मनोज अग्रवाल, श्रीमती रीना गांधी एवं प्रिया दास आदि उपस्थित थे।

# घर के नजदीक ही मिलेगा प्राथमिक उपचार - ऊर्जा मंत्री

**ग्वालियर ।** घर के नजदीक ही प्राथमिक उपचार की सुविधा निशुल्क मिले





आपको सिविल अस्पताल या जेएएच अस्पताल में प्राथमिक उपचार के लिये नहीं जाना पडेगा। स्वास्थ्य सुविधायें मजबूत करने के लिये प्रदेश सरकार द्वारा निरंतर कार्य किया जा रहा है। इसी उद्धेश्य को लेकर प्रत्येक वार्ड में संजीवनी क्लीनिक खोली जा रही हैं। दीनदुखियों की सेवा करना ही मेरा उद्धेश्य रहा है। उक्ताशय के विचार प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने वार्ड 16 रेशम मिल में 20 लाख 70 हजार रूपये की लागत से बनाई जा रही संजीवनी क्लीनिक के भूमि पूजन के अवसर पर व्यक्त किये। ऊर्जा मंत्री तोमर ने कहा कि आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधायें मिले इसके लिये मैं हमेशा प्रयारसरत रहता हूँ। संजीवनी क्लीनिक प्रत्येक वार्ड के नजदीक ही खोली जा रही हैं। जिससे वार्ड के निवासियों को छोटी छोटी बीमारियों के इलाज के लिये सिविल अस्पताल या अन्य जगहों पर नहीं जाना पडेगा। संजीवनी क्लीनिक पर कई प्रकार की जांचे निशुल्क होंगी। साथ ही कहा कि रेशम मिल की वर्षो पुरानी समस्या बरसात के समय जल भराव की थी आज उसका निदान हुआ है नाले के निर्माण का कार्य चालू है और कहा कि गंदे पानी की समस्या से निजात मिली है। यह सब आपके सहयोग एवं विश्वास के कारण ही सम्भव हो पाया है। इस अवसर पर महापौर डॉ. शोभा सतीश सिंह सिकरवार ने कहा कि संजीवनी क्लीनिक खुलने से इसका लाभ गरीबो व पिछड़ी बस्ती के साथ सभी लोगो को मिलेगा। साथ ही कहा कि हम सभी मिलकर ग्वालियर के विकास में कमी नहीं आने देगें। आने वाले एक वर्ष में ग्वालियर की सूरत बदली नजर आयेगी । साथ ही आमजन से शहर को साफ व स्वच्छ बनाये रखने के लिये सहयोग देने के लिये कहा। संजीवनी क्लीनिक के भूमि पूजन के अवसर पर पार्षद महेन्द्र आर्य सहित राजेन्द्र रेनिया, सुरेन्द्र चौहान, ओमप्रकाश, मानसिंह तोमर, मुन्ना तोमर सहित क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# खुशियों की दास्तां एक से दो हो गए ठेले और पैसे भी कर लिए एकत्रित

**ग्वालियर ।** सच्ची लगन और ईमानदारी से किया गया परिश्रम कभी भी व्यर्थ नहीं जाता है। कोई भी



संकट हो उससे बाहर निकलने का रास्ता भी होता है। कोरोना काल में कई लोगों के व्यवसाय पूरी तरह से बंद हो गए और आर्थिक तंगी से कई परिवार जूझते रहे। लेकिन सरकार की योजनाओं का लाभ लेकर दिलीप कुमार प्रजापति जैसे अनेक युवकों ने अपना स्वयं का रोजगार पुनः स्थापित किया और अपने परिवार में खुशहाली लाए। दिलीप कुमार प्रजापति चौपाटी पर चाट का ठेला लगाते हैं। कोरोनाकाल के दौरान प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के बारे में नगर निगम के जरिए पता चला तो उन्होंने नगर निगम में इस लोन के लिए आवेदन दिया। पहले उन्हें 10 हजार रूपये का लोन मिला। जिससे दिलीप ने चाट का सामान लिया और मेहनत कर स्वयं के लिये पैसे कमाए। साथ ही बैंक का लोन भी समय पर चुकता किया। इसके बाद उन्हें नगर निगम की तरफ से 20 हजार रूपये के लोन की योजना बनाने पर उन्होंने 20 हजार का लोन लिया और अपने व्यवसाय को और ब?ाया। लोन अदा करने के बाद अब दिलीप को 50 हजार रूपए का लोन प्रधानमंत्री स्व-निधि योजना में प्राप्त हुआ । दिलीप कुमार प्रजापति का कहना है कि सरकार की योजना की मदद से उन्होंने अपने व्यवसाय को तो ब?ाया ही है। साथ ही एक की जगह अब दो ठेले चाट के लगाने लगे हैं। सरकार की मदद से अब उनकी माली हालत भी बेहतर हुई है। युवाओं के लिये प्रधानमंत्री स्व-निधि योजना बहुत ही लाभकारी है।

## तेज प्रताप, डिंपल या शिवपाल, मैनपुरी के मैदान में बहुत सोचकर दांव लगाएंगे अखिलेश



**मैनपुरी।** समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव के निधन से खाली हुई मैनपुरी लोकसभा सीट पर पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव किसे आगे करेंगे फिलहाल यह तय नहीं है लेकिन जिन तीन नामों को लेकिन पिछले कई दिनों से चर्चा है उनमें से तेज प्रताप यादव का नाम फिलहाल सबसे आगे चल रहा है। पिता की इस सीट पर प्रत्याशी तय करना अखिलेश के लिए आसान नहीं है। सूबे की राजनीति में बीजेपी की कड़ी घेराबंदी का सामना कर रहे अखिलेश यहां बहुत सोचकर दांव लगाएंगे। माना जा रहा है कि तेज प्रताप को मैदान में उतारकर अखिलेश एक साथ सियासत और परिवार दोनों के समीकरण दुरुस्त कर सकते हैं। मैनपुरी सीट पर जिन दो अन्य नेताओं को लेकर चर्चा है उनमें अखिलेश यादव की पत्नी और पूर्व सांसद डिंपल यादव और अखिलेश के चाचा शिवपाल सिंह यादव का नाम शामिल है। बताया जा रहा है कि परिवार में एकता बनाए रखने के लिए अंदर ही अंदर शिवपाल को मनाने की कोशिशें भी चल रही हैं। इसका असर शिवपाल की बातों में भी दिख रहा है जो लगातार परिवार में एका की बात करते हुए इसे जरूरी बता रहे हैं। पार्टी में एक धड़ा मैनपुरी सीट पर मुलायम की विरासत डिंपल यादव को सौंपे जाने के पक्ष में है लेकिन इस सीट पर तेज प्रताप की दावेदारी को फिलहाल सबसे मजबूत माना जा रहा है। बताया जा रहा है सपा और अखिलेश यादव, तेज प्रताप को मैनपुरी से उतारने का लगभग मन बना चुके हैं। ब्रिटेन के लीड्स विश्वविद्यालय से एमएससी (मैनेजमेंट) की डिग्री हासिल करने वाले तेज प्रताप वर्ष 2014 में मैनपुरी से सांसद चुने गए थे। हालांकि शिवपाल यादव ने भी अभी तक अपनी दावेदारी छोड़ी नहीं है। मैनपुरी से खुद प्रसपा के टिकट पर मैदान में उतरने की सम्भावना से उन्होंने इनकार नहीं किया है। समाजवादी पार्टी और यादव परिवार चाहता है कि कम से कम मैनपुरी में ऐसा कुछ न होने पाए। सूत्रों का कहना है कि परिवार की एकता के लिए शिवपाल, तेज प्रताप का समर्थन करने इसकी पुरजोर कोशिशें की जा रही हैं। इसके बदले में शिवपाल को 2024 में होने वाले लोकसभा आम चुनाव में वह जहां से चाहें चुनाव लड़ाने का ऑफर दिया जा सकता है। सूत्रों का कहना है कि तेज प्रताप के हक में शिवपाल अपनी दावेदारी छोड़ भी सकते हैं। दरअसल, परिवार में तेज प्रताप और शिवपाल के रिश्ते बेहतर बताए जाते हैं। वह एक बार मैनपुरी से सांसद रह भी चुके हैं। बताया जा रहा है बड़े भाई मुलायम सिंह यादव के निधन से खाली हुई सीट पर तेज प्रताप की उम्मीदवारी का शिवपाल भी समर्थन कर सकते हैं।

## मुलायम के निधन से खाली हुई मैनपुरी लोकसभा सीट पर 5 दिसम्बर को होगा मतदान



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के संस्ड़थापक मुलायम सिंह यादव के निधन से खाली हुई मैनपुरी लोकसभा सीट पर पांच दिसम्ड़बर 2022 को मतदान होगा। इसी दिन रामपुर विधानसभा सीट पर भी वोटिंग होगी। यह सीट आजम खान को हेट स्ड़पीच मामले में तीन साल की सजा मिलने के बाद उनकी विधानसभा सदस्ड़यता खत्ड़म किए जाने के चलते खाली हुई है। दोनों सीटों पर वोटों की गिनती आठ दिसम्ड़बर को की जाएगी। बता दें कि गुजरात में दो चरणों में चुनावों की तारीखों का ऐलान हो चुका है। पहले चरण का मतदान एक दिसम्ड़बर और दूसरे चरण का 5 दिसम्ड़बर को होना है। गुजरात विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के चुनाव साथ ही मैनपुरी लोकसभा सीट पर भी उपचुनाव कराया जाएगा। इसके साथ ही निर्वाचन आयोग ओडिशा की पदमपुर, बिहार की कुढ़नी, छत्ड़तीसगढ़ की भानुप्रतापपुर और राजस्ड़थान के सरदारशहर विधानसभा सीटों पर भी उपचुनाव कराएगा। 10 नवम्ड़बर को अधिसूचना जारी होने के साथ ही मैनपुरी लोकसभा और रामपुर विधानसभा सीट के लिए पर्चे दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। मिली जानकारी के अनुसार 17 नवम्ड़बर तक पर्चे दाखिल किए जा सकेंगे। इनकी जांच 18 नवम्ड़बर को की जाएगी। 21 नवम्ड़बर तक पर्चा वापस लिया जा सकेगा। इसके बाद 5 दिसम्ड़बर को मतदान की प्रक्रिया सम्ड़पन्ड़न होगी। आठ दिसम्ड़बर को मतगणना कराई जाएगी। चुनाव की पूरी प्रक्रिया 10 दिसंबर तक सम्ड़पन्ड़न हो जाएगी। चुनाव की घोषणा होते ही मैनपुरी और रामपुर में आचार संहिता लागू हो गई है। इन दोनों क्षेत्रों में सरकार की ओर से अब कोई नई घोषणा नहीं की जा सकेगी। इसके साथ ही किसी नई परियोजना को यहां शुरू करने पर भी रोक रहेगी। आयोग ने कहा है कि उप चुनाव के दौरान कोविड गाइडलाइन का पूरी तरह पालन कराया जाएगा।

### अनुप्रिया पटेल का योगी सरकार पर बड़ा हमला

# 69 हजार शिक्षक भर्ती को लेकर उठाए कई सवाल

**लखनऊ।** अपना दल सोने लाल की राष्ट्रीय अध्यक्ष और केन्द्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने योगी सरकार पर बड़ा हमला बोला है। शुक्रवार को लखनऊ में अपना दल सोनेलाल के राष्ट्रीय अधिवेशन कार्यक्रम के दौरान अनुप्रिया पटेल 69 हजार शिक्षक भर्ती मामले में योगी सरकार को घेरा। उनका कहना था कि 69 हजार शिक्षक भर्ती मामले में आरक्षण की अनियमितता को दूर करने का मुद्दा उन्होंने एक बार फिर से उठाया है। उन्होंने कहा कि 69 हजार शक्षिक भर्ती मामले में पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को न्याय दिलाने के लिए अपने प्रयास का उल्लेख करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार से इस समस्या का हल निकालने की मांग की। केन्द्रीय मंत्री पटेल ने कहा कि सहयोगी पार्टी भाजपा के शीर्ष नेतृत्व से इस मामले में बातचीत जारी है। राष्ट्रीय अधिवेशन में एक बार फिर अनुप्रिया पटेल को राष्ट्रीय अध्यक्ष चुन लिया गया। अपने पिता को याद कर केन्द्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल भावुक हो गईं। उन्होंने कहा, के बाद वह भावुक हो गईं। सामाजिक न्याय की विचारधारा से पीछे न हटने का संकल्प लेते हुए उन्होंने कहा, शेर की बेटी हूं, पीछे नहीं हट सकती। उन्होंने पार्टी प्रतिनिधियों का हौसला बड़ाते हुए कहा कि आलोचनाओं से घबराना नहीं है, क्योंकि पार्टी की प्रगति जिस तेजी से हो रही है, उसे देखते हुए इस तरह की आलोचना होना स्वाभाविक है। उन्होंने कहा, 17 अक्टूबर 2009 को जब मेरे पिता डॉ.सोनेलाल पटेल का निधन हुआ था, उसके 20 दिन पहले ही मेरी शादी




हुई थी। मैं राजनीति का ककहरा भी नहीं जानती थी, लेकिन उस समय पार्टी के लोगों ने मुझे महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी थी। इसके बाद 2012 में मैंने वाराणसी के रोहनिया से पहली बार विधानसभा चुनाव लड़ा। वहां की जनता ने डॉ.सोनेलाल पटेल की सामाजिक न्याय की विचारधारा को आगे बड़ाने के लिए मुझे प्रदेश की सबसे बड़ी पंचायत में अपना प्रतिनिधि चुन कर भेजा। पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री आशीष पटेल ने कहा कि आज यह सफलता अपना दल एस के करोड़ों कार्यकर्ताओं की मेहनत व समर्पण का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि अपना दल एस के कार्यकर्ता अपनी मेहनत से उपजाये गेहूं को बेचकर पार्टी को संचालित करते हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी बड़ रही है, इस वजह से तरह-तरह के विरोध सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज कल ट्रेंड बन गया है कि बड़े नेता का अपमान करिए और सुर्खियों में आ जाइए। ऐसे विरोधियों से सावधान रहने की जरूरत है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से सोशल मीडिया पर ऐसी किसी टप्पिणी पर किसी भी तरह का प्रतिकार न करने की अपील की। केन्द्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल अपनी मां और बहन की ओर इशारा करते हुए कहा, विरोधी विरोध करते हैं तो चलता है, लेकिन जब अपने लोग ही विरोध करने लगते हैं तो अंदर से तकलीफ होती है और इस तकलीफ को मैं पार्टी का राष्ट्रीय महासचिव बनने के बाद से ही झेल रही हूं। गौरतलब है कि अपना दल की स्थापना अनुप्रिया के पिता डॉक्टर सोनेलाल पटेल ने की थी और 2009 में उनके निधन के बाद अनुप्रिया की मां कृष्णा पटेल ने पार्टी का नेतृत्व संभाला और अनुप्रिया पार्टी की महासचिव बनीं। वर्ष 2012 में वह पहली बार वाराणसी के रोहनिया से विधायक चुनी गईं और 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा से गठबंधन किया।

## इमरान खान के ठीक होने तक लॉन्ग मार्च को रोका गया, हमले के विरोध में चलता रहेगा प्रदर्शन

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान पर हमले के बाद उनके ठीक होने तक पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के लॉन्ग मार्च को रोक दिया गया है। पार्टी के नेता अब इमरान खान पर हुए हमले के विरोध देशभर में विरोध प्रदर्शन चलता रहेगा। शुक्रवार को पाकिस्तान के कई हिस्सों में यह प्रदर्शन देखने को मिला जो शनिवार को भी चलता रहा। जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, पीटीआई के प्रमुख इमरान खान ने शनिवार को अपने समर्थकों से उन तीन लोगों के खिलाफ विरोध जारी रखने का आग्रह किया, जिन पर उन्होंने अपनी हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया था। जिसके बाद पार्टी के महासचिव असद उमर ने शुक्रवार को देशव्यापी प्रदर्शन की घोषणा की थी। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने शुक्रवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ,



गृहमंत्री राणा सनाउल्ला और मेजर जनरल फैसल नसीर ने उनकी हत्या की साजिश रची और वे 2011 में हुई पंजाब के पूर्व गवर्नर सलमान तासीर की हत्या की तरह ही धार्मिक उन्मादियों के हाथों उनकी हत्या कराना चाहते थे। पंजाब के वजीराबाद जिले में हकीकी आजादी मार्च के दौरान 70 वर्षीय खान के कंटेनर पर दो बंदूकधारी हमलावरों द्वारा की गई गोलीबारी में उनके दाहिने पैर में गोली लगी है। जानलेवा हमले के बाद शौकत खानम अस्पताल से देश को पहली बार संबोधित करते हुए खान ने कहा कि उनकी हत्या की साजिश करने वाले चार अन्य लोगों की भी उन्होंने वीडियो बनाई है। खान ने कहा कि उन्होंने इस साजिश के बारे में 24 सितंबर की रैली में जनता को बताया था। उन्होंने कहा, यह (जानलेवा हमला) बिलकुल तय पटकथा के हिसाब से हुआ। खान ने अपने संबोधन में कहा कि गुरुवार को हुए जानलेवा हमले में उनके दाहिने पैर में चार गोलियां लगीं। क्रिकेट से राजनीति में आए खान का इलाज कर रहे डॉक्टर फैसल सुल्तान का कहना है कि खान के दाहिने पैर की टिबिया (पैर की मुख्य हड्डी) टूट गयी है।

## मुझे मरा हुआ समझकर चला गया शूटर

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने उन पर हुए जानलेवा हमले को लेकर बड़ा दावा किया है। खान ने कहा कि जिन 2 हमलावरों को मैंने खुद पर हमला करते हुए देखा, उन्होंने अगर तालमेल से काम किया होता तो आज में जिंदा नहीं होता। पूर्वी शहर वजीराबाद में विरोध मार्च के दौरान खान को गोली लगी थी। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक, इस हमले के बाद से अपने पहले सार्वजनिक संबोधन में उन्होंने अस्पताल में व्हीलचेयर पर बैठकर यह बात कही। इमरान ने कहा, क्योंकि मैं गिर गया, हमलावरों में से एक ने सोचा कि मैं मर गया और वह वहां से चला गया।% वहीं, पुलिस की ओर से जारी एक वीडियो में गिरफ्तार आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार किया। इमरान को गोली मारने के आरोपी व्यक्ति ने कहा कि पूर्व क्रिकेटर लोगों को गुमराह कर रहा है और ऐसा करने के लिए वह उसे मारना चाहता था। आखिर किन परस्थितियों में हमलावर ने यह इकबालिया बयान दिया यह साफ नहीं है। रिपोर्ट के मुताबिक, इमरान खान ने यह भी कहा कि उन्हें इस बात की जानकारी एक दिन पहले ही लग गई थी कि उन पर अटैक होने वाला है। अस्पताल के अंदर से देश को संबोधित करते हुए खान ने कहा, मुझे एक दिन पहले ही पता चल गया था कि मुझ पर हमला होगा। मेरे ऊपर किए गए जानलेवा हमले में दाहिने पैर में 4 गोलियां लगी हैं। देश की शहबाज शरीफ नीत सरकार के खिलाफ मार्च निकाल रहे खान का काफिला गुरुवार को जब पंजाब के वजीराबाद जिले में पहुंचा तो उनके कंटेनर-ट्रक पर 2 बंदूकधारियों ने गोलीबारी की। हमले में खान के दाहिने पैर में गोली लगी। अपने ऊपर हुए जानलेवा हमले के बारे में बात करते हुए खान ने कहा कि वह कंटेनर में थे जब उनकी ओर निशाना साधकर गोलियों की बौछार की गई, उन्हें गोली लगी और वह नीचे गिर गए। उन्होंने बताया कि फिर दूसरी बौछार (गोलियों की) आई, 2 लोग थे।



## पेरू में अमेजन के जंगलों से रिहा कराए गए 70 टूरिस्ट, बंधकों में कई बच्चें भी थे शामिल

**नई दिल्ली।** पेरू में अमेजन के जंगलों में बंधक बनाए गए करीब 70 पर्यटकों को रिहा करा लिया गया है। रिपोर्टों के अनुसार बंधक बनाये गए पर्यटकों में संयुक्त राज्य अमेरिका, स्पेन, फ्रांस, यूनाइटेड किंगडम और स्विट्जरलैंड के नागरिक थे। बंधकों में कई बच्चे भी शामिल थे जिनको वहीं के एक ग्रुप ने पकड़ रखा था। ग्रुप के लोगों से कई घंटों तक चली बातचीत के बाद बंधकों को रिहा कराया गया है। हालांकि, बंधन बनाए गए पर्यटकों के सटिक आंकड़े सामने नहीं आए हैं, लेकिन इतना जरूर है कि इसमें गर्भवती महिलाएं, एक महीने के बच्चे और बुजुर्ग लोगों के शामिल होने की बात कही गई थी। पर्यटकों को बंधन बनाए जाने के पीछे वजह यह समझा रहा है कि जंगलों के निवासी हाल ही में वहां हुए तेल रिसाव के बाद सरकारी सहायता की कमी का विरोध करने के लिए यह कदम उठाया है। पेरू के पर्यावरण मंत्रालय के अनुसार, 16 सितंबर को दुनिया के सबसे बड़े जंगल में लगभग 2,500 टन कच्चा तेल रिस गया था जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई। सरकारी तेल कंपनी पेट्रोपेरू ने कहा कि रिसाव के बाद उसके पास अभी तक खाली हुए बैरल की संख्या का अनुमान नहीं है। ब्रिटिश मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, पर्यटकों को बंधक बनाए जाने के पीछे ग्रुप ने दावा किया है कि तेल के रिसाव के बाद वो राहत वर सहायता के लिए सरकार का ध्यान आकर्षित कराना चाहते हैं। ग्रुप ने पहले कहा था कि वे एक सप्ताह तक इन पर्यटकों को बंधक बनाएंगे। कुनिनिको ग्रुप के नेता वाटसन ट्रुजिलो ने आरपीपी रेडियो को बताया, हम इस कार्रवाई के साथ सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहते हैं।

### अपनी बेटी की शादी मुझसे नहीं की तो घर तहस-नहस कर दूंगा

## महिला ने देवर के साले के खिलाफ लिखाई रिपोर्ट

**शाहजहांपुर।** यूपी के शाहजहांपुर की चौक कोतवाली की एक महिला ने थाने में तहरीर दी। कासगंज जिले के प्रभाकर के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया। बेटी की बरामदगी की मांग की। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। कार्रवाई का आश्वासन दिया। महिला ने बताया कि बेटी 11 बजे स्कूल का बताकर चली गई। तीन दिन पहले देवर के साले प्रभाकर निवासी कासगंज ने उसे धमकी दी थी। उसने कहा कि अगर तुमने अपनी बेटी की शादी मुझसे नहीं करवाई तो तुम्हारा घर तहस-नहस कर देंगे। विरोध करने पर वह बोला, जो होगा देख लेंगे। शक है कि उसी ने इस घटना को अंजाम दिया है। बताया कि देवर का साला



प्रभाकर शराब पीता है। अपनी पत्नी को छोड़ चुका है, जिसकी एक बेटी भी है। आठ माह से उसकी बेटी के चक्कर में अपने जीजा के घर रह रहा था। बेटी घर से जेवर व नगदी लेकर गई है। सेहरामऊ दक्षिणी के एक गांव निवासी ग्रामीण ने थाने में तहरीर दी। सिंधौली के विदेश सहित कई लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। बताया कि बेटी की शादी एक साल पहले की थी, जो घर पर रह रही है। बेटे के साले विदेश का घर पर आना-जाना था। आरोप है कि वह बेटी को बहला फुसलाकर शादी का झांसा देकर भगा ले गया। बेटी को वापस करने के लिए कहा तो मारने की धमकी दी।

## सिख श्रद्धालुओं को लेकर ननकाना साहिब जा रही विशेष ट्रेन पटरी से उतरी, कोई हताहत नहीं

**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में गुरु नानक जयंती समारोह में शामिल होने के लिए सिख तीर्थयात्रियों को ननकाना साहिब ले जा रही विशेष ट्रेन के नौ डिब्बे शनिवार को पटरी से उतर गए। हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ है। गुरु नानक की जयंती आठ नवंबर को मनाई जाएगी। पाकिस्तान रेलवे के एक प्रवक्ता ने कहा कि सिख



तीर्थयात्रियों को लेकर विशेष ट्रेन कराची से ननकाना साहिब जा रही थी और इसी दौरान पंजाब प्रांत के शोरकोट और पीर महल रेलवे स्टेशन के बीच उसके नौ डिब्बे पटरी से उतर गए। उन्होंने कहा कि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ और बचाव दल घटनास्थल पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू किया। पाकिस्तान रेलवे ने ट्वीट कर कहा कि हादसे के बाद यात्रियों के प्रस्थान की व्यवस्था की गई है जबकि बाकी बचे सिख तीर्थयात्रियों को ननकाना साहिब रवाना करने के इंतजाम किए जा रहे हैं। हालांकि, यह पता नहीं चल सका है कि ट्रेन में भारत के सिख तीर्थयात्री भी सवार थे या नहीं। इस बीच, संघीय मंत्री ख्वाजा साद रफीक ने घटना की जांच के लिए एक समिति गठित की है।

## प्रेमी-प्रेमिका ने घर से भागकर कोर्ट में रचाई शादी

**महोबा।** महोबा में चार दिनों से घर से गायब युवती को शुक्रवार को पुलिस ने बरामद कर लिया। इस दौरान युवती अपने प्रेमी से शादी करने की जिद पर अड़ तो पुलिस ने चौकी में ही प्रेमी को बुलाकर दोनों की शादी करा दी। चौकी में पुलिस की मौदूगी में प्रेमी-प्रेमिका ने सात फेरे लिए। वहीं पुलिस ने शादी संपन्न करा दोनों के परिवार के विवाद को शांत कराया। ये मामला चौसियापुरा का है। संतोष चौरसिया की बेटी 1 नवंबर को घर से गायब हो गई। जिसके बाद परिजनों ने सुभाष चौकी में दो नवंबर को तहरीर दी थी जिसमें उन्होंने मध्य प्रदेश के महाराजपुर निवासी चमनन पर बेटी को बहला फुसलाकर भगाने का आरोप लगाया था। इस दौरान पुलिस ने शुक्रवार को



प्रेमी-प्रेमिका को चौकी में तलब किया। दोनों ने बताया कि उन्होंनने साथ जीने-मरने की कसम खायी है और अपनी मर्जी से छतरपुर कोर्ट में शादी कर ली है। चमन ने बताया कि प्रेमिका के पिता शादी के खिलाफ थे। कोर्ट मैरिज करने के बाद भी वह नहीं मान रहे थे। चमन ने पुलिस के सामने अपने कोर्ट मैरिज के प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया। जिसके बाद चौकी प्रभारी रमाशंकर शुक्ला ने विवाद को शांत कराते हुए दोनों की शादी कराई। इस अनोखे शादी में पुलिस कर्मचारी बाराती बनें। वहीं प्रेमी-प्रेमिका ने एक-दूसरे को वरमाला पहनाई। पुलिस के समझाने के बाद लड़की पक्ष के लोग भी मान गए। पुलिस का कहना है कि लड़का-लड़की दोनों बालिग हैं और कोर्ट मैरिज कर चुके है। इसलिए पुलिस चौकी में दोनों की दोबारा शादी कराकर विवाद शांत कराया गया।

## घर के बाहर बैठी महिला को 10 रुपये देकर बातों में उलझाया

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में एक महिला से उसा 7 महीने का बच्चा छीनने का मामला सामने आया है। ये घटना वहां मौजूद सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। महिला के शिकायत के बाद पुलिस सीसीटीवी फुटेज के जरिए आरोपी की पहचान करने में जुट गई है। ये मामला सदर बाजार क्षेत्र के खेमका सदन के पास का है। जानकारी के अनुनार हिना नाम की महिला एक मकान के बाहर बैठी थी। इस दौरान रात करीब 12 बजे एक शख्स महिला के पास आया। हीना ने युवक से भूख का हवाला देते हुए कुछ रुपये मांगे। युवक ने पहले महिला को मदद के नाम पर दस रुपये दिए। फिर वह हिना को काफी देर तक अपनी बातों में उलझाए रखा। इसके बाद मौका देखते ही युवक ने हिना की गोद से सात महीने का बच्चा छीन कर भाग गया। हिना ने काफी दूर तक युवक का पीछा किया लेकिन अंधेरे का फायदा उठाते हुए आरोपी फरार हो गया। महिला ने इस घटना की सूचना



पुलिस को दी। पुलिस ने छानबीन के दौरान आसपास के सीसीटीवी कैमरे चेक कराए इस दौरान एक कैमरे में पूरी वारदास कैद हो गई। जिसके बाद पुलिस ने फुटेज की मदद से छानबीन करने में जुट गई है। दूसरी तरफ हीना का रो-रोकर बुरा हाल है।

# देबीना बनर्जी मैटर्निटी शूट पर हुईं जमकर ट्रोल





टीवी ऐक्ट्रेस देबीना बनर्जी फिर से मां बनने वाली हैं। वह मदरहुड एंजॉय कर रही हैं। उन्होंने अपने प्रेग्नेंसी शूट का बीटीएस वीडियो शेयर किया है। देबीना ने कैप्शन में लिखा है कि वह एक चमत्कार को कैप्चर कर रही हैं। हालांकि उनके कई फॉलोअर्स को उनका शूट नहीं जमा। देबीना के इंस्टाग्राम पर उनको ट्रोल किया जा रहा है। देबीना बनर्जी ने अप्रैल में बेटी को जन्म दिया था। उन्होंने डिलीवरी के 4 महीने बाद फिर से मां बनने की खुशखबरी दी थी। देबीना अपने सोशल मीडिया पर अपनी जिंदगी से जुड़े अपडेट्स देती रहती हैं। रीसेंटली उन्होंने अपने प्रेग्नेंसी शूट का बीटीएस वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में देबीना ट्यूब टॉप पहने हैं। उन्होंने शर्ट उतार रखी है और उनका बेबी बंप दिख रहा है। देबीना हाई हील्स में है। इस वीडियो पर काफी लोगों ने नेगेटिव कमेंट्स किए हैं। एक यूजर ने लिखा है, तुम इंडियन लड़की हो न कि यूएसए की हो। कौन करवाता है फोटोशूट। तुम अपने घर में रखो वीडियो। दुनिया को क्यों दिखाती हो। कुछ लोगों ने उन्हें हील्स पहनने पर भी ट्रोल किया है। एक यूजर ने लिखा है। मैडम सीताजी का रोल किया था। शरम नहीं आती, थोड़ा तो उनका खयाल दिमाग में रखा होता। एक कमेंट है, भारत की हया खो गई। हे भगवान सिर्फ ब्रा और टमी। फैशन के नाम पर लोग बहुत अजीब हो गए हैं। बता दें कि देबीना शादी के 11 साल बाद बेटी को जन्म दिया था। उनकी प्रेग्नेंसी में काफी कॉम्प्लिकेशंस थे। देबीना लंबे वक्त से इलाज करवा रही थीं।

# प्रेग्नेंसी में बिपाशा बसु का बोल्ड अंदाज



*बिपाशा बसु जल्द ही मां बनने वाली हैं। वह इन दिनों प्रेग्नेंसी फेज को एंजॉय कर रही हैं। बॉलीवुड की बोल्ड और ग्लैमरस अदाकाराओं में से एक बिपाशा ने लेटेस्ट फोटोशूट कराया है जिसमें वह बेबी बंप फ्लान्ट करती हुई दिख रही हैं। वह इससे पहले भी बेबी बंप के साथ फोटोशूट करवा चुकी हैं। साझा की गई तस्वीरों में बिपाशा ने गोल्डन कलर के कपड़े से खुद को कवर किया है। बिपाशा ने कैप्शन बताया कि अपने शरीर से प्यार करना चाहिए। हालांकि सोशल मीडिया पर कुछ यूजर्स को उनकी ये तस्वीरें रास नहीं आईं और उन्हें ट्रोल करने लगे। बिपाशा के चेहरे पर प्रेग्नेंसी ग्लो देखा जा सकता है। उन्होंने अपना बेली ओपन रखा है और बेबी बंप फ्लॉन्ट कर रही हैं। बिपाशा की तस्वीरें देख यूजर्स भड़क गए। एक यूजर ने कहा, सनातन धर्म संस्कृति पर बॉलीवुड इंडस्ट्री बड़ा धब्बा है। एक यूजर ने लिखा, देश की संस्कृति की ऐसी तैसी कर दी। एक ने कहा, साड़ी में भी अच्छा लगता। बिपाशा बसु लंब समय से फिल्मों में नजर नहीं आई हैं। उनकी आखिरी फिल्म 2015 में आई अलोन थी। बिपाशा ने साल 2016 में करण सिंह ग्रोवर से शादी की थी। शादी के बाद वह निजी जिंदगी में व्यस्त हो गईं। हालांकि बीच-बीच में वह पपराजी के कैमरे में जरूर कैद होती रही हैं।*

# सलमान के साथ काम करने पर सोनाक्षी को किया गया था आगाह



सोनाक्षी सिन्हा इन दिनों अपनी फिल्म डबल एक्स एल को लेकर काफी सुर्खियों में हैं। इस फिल्म में सोनाक्षी के साथ हुमा कुरैशी लीड रोल में हैं। दोनों एक्ट्रेसेस अपनी फिल्म का जोर-शोर से प्रमोशन कर रहे हैं। अब हाल ही में सोनाक्षी ने एक इंटरव्यू के दौरान अपने करियर का एक्सपीरियंस शेयर किया। बता दें कि सोनाक्षी ने फिल्म दबंग से एक्टिंग करियर में अपनी शुरुआत की। इस फिल्म में उनके साथ सलमान खान लीड रोल में थे। सलमान ने खुद सोनाक्षी को लॉन्च किया है। इस फिल्म के लिए सोनाक्षी को बेस्ट फीमेल डेब्यू अवॉर्ड से भी नवाजा गया था। अब सोनाक्षी ने बताया कि करियर के शुरुआत में किसी ने उन्हें सलमान खान को लेकर ऐसी बात कही थी जिसे सुनकर वह हैरान रह गई थीं। बॉलीवुड बबल से बात करते हुए सोनाक्षी ने कहा कि किसी ने उन्हें कहा था कि सलमान के साथ जिसने भी डेब्यू किया है उसका करियर ज्यादा लंबा नहीं रहता। किसी नए इंसान को ऐसा कहना कितना गलत लगता है जो अपने करियर की शुरुआत करने वाले हैं। हालांकि मैंने उस वक्त इन सब बातों पर ध्यान नहीं दिया। मैंने सिर्फ अपने काम पर फोकस किया और यही सही था। सोनाक्षी, सलमान की बहुत रिस्पेक्ट करती हैं और उन्होंने कई बार उनके साथ काम किया है। इसके साथ ही सोनाक्षी ने उन सभी लोगों को गलत प्रूव कर दिया जिन्होंने कहा था कि सलमान के साथ डेब्यू करके उनका करियर खत्म हो जाएगा। सोनाक्षी ने अपने करियर में कई शानदार फिल्मों में काम किया है। बता दें कि सोनाक्षी लास्ट फिल्म भुज द प्राइड में नजर आई थीं जो पिछले साल रिलीज हुई थी। फिल्म में अजय देवगन और संजय दत्त भी अहम किरदार में थे। हालांकि फिल्म को कुछ खास रिस्पॉन्स नहीं मिला था। फिल्म के बारे में बात करते हुए सोनाक्षी ने एक इंटरव्यू के दौरान कहा, यह एर पर्सनल फिल्म है हम दोनों के लिए। हम बताना चाहते हैं कि महिलाओं को कई बार बॉडी शेमिंग का शिकार होना पड़ता है। लेकिन इससे आपको अपने सपने पूरा करने से खुद को नहीं रोकना चाहिए। किसी को आपको पीछे मत करने दो। बता दें कि सोनाक्षी और हुमा ऐसी एक्ट्रेसेस हैं जिन्हें कई बार बॉडी शोमिंग को लेकर ट्रोल किया जाता है, लेकिन दोनों ने हमेशा उन ट्रोलर्स को करारा जवाब दिया है। सोनाक्षी अब इसके बाद फिल्म ककुड़ा में नजर आएंगी। यह एक हॉरर कॉमेडी फिल्म होगी। इसे मराठी डायरेक्टर आदित्य सरपोतदार डायरेक्ट कर रहे हैं। फिल्म में सोनाक्षी के साथ रितेश देशमुख और साकिब सलीम लीड रोल में हैं।





# लोहे की 500 कीलों पर रुबीना दिलैक ने किया 'घूमर', देखकर जज हुए हैरान

बॉस लेडी कही जाने वालीं रुबीना दिलैक अब 'झलक दिखला जा 10' में डांस से छाई हुई हैं। 'बिग बॉस 13' की विजेता रुबीना दिलैक शो की मजबूत कंटेस्टेंट में से हैं। वो एक बेहतरीन डांसर हैं ये तो उनके फैन्स अच्छी तरह से जानते हैं। रुबीना ने अपनी हर एक परफॉर्मेंस से सभी को हैरान किया है। रिहर्सल के दौरान उन्हें चोटें भी आईं लेकिन वह फिर से वापस लौटीं और डांस से धूम मचा दिया। अब रुबीना शो में 'घूमर' गाने पर थिरकती दिखेंगी लेकिन उनके स्टेप्स इतने भी आसान नहीं हैं। शो का एक प्रोमो वीडियो आया है जिसमें वह हैवी लहंगा पहने हुए हैं। सिर पर उनके एक मटका है जिस पर आग जल रही है। रुबीना ने इससे पहले अपनी दो तस्वीरें शेयर कर बताया था कि लोहे की 500 कीलों के बेड पर डांस करने से लेकर सिर पर आग को बैलेंस करने तक, इस हफ्ते स्टेज पर आग लगा दी। रुबीना जब डांस करती हैं तो माधुरी दीक्षित, नोरा फतेही से लेकर करण जौहर तक उन्हें चीयर करते दिखते हैं। बैकग्राउंड में उनकी आवाज को सुना जा सकता है। जज रुबीना से कहते हैं, 'क्या कमाल की एनर्जी है, कोरियोग्राफी, एक्सप्रेशंस सब कमाल के हैं। वीडियो को कलर्स टीवी के आधिकारिक सोशल मीडिया पेज से शेयर किया गया है जिसके कैप्शन में लिखा है, 'रुबीना है अपनी परफॉर्मेंस से सबको प्रभावित करने के लिए लिए रेडी। क्या आप उनकी परफॉर्मेंस देखने के लिए तैयार हैं। झलक दिखला जा शनिवार और रविवार रात 8 बजे।'

# उपनगर ग्वालियर में एक करोड रूपये से अधिक के विकास कार्यों का हुआ भूमि पूजन

ग्वालियर। प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने उपनगर ग्वालियर के विभिन्न वार्डों में एक करोड रूपये से अधिक के विकास कार्यों का भूमि पूजन करते हुए कहा कि ग्वालियर में विकास कार्य तेजी से कराये जा रहे हैं। विकास कार्यों में धन की कमी नहीं आने दी जाएगी। विकास की श्रृंखला इसी प्रकार निरंतर जारी रहेगी। जहां भी कार्य की आवश्यकता है तुरंत कराया जाएगा। क्षेत्र के नागरिक किसी भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित नहीं रह पाएगें। उनकी सेवा करना मेरा पहला कर्तव्य है। साथ ही संबंधित ठेकेदार को निर्देशित किया कि कार्य गुणवत्ता के साथ ही किया जाए।

ऊर्जा मंत्री तोमर ने विभिन्न वार्डों में महापौर डॉ शोभा सतीश सिंह सिकरवार एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के साथ विकास कार्यों का भूमि पूजन किया। जिसमें वार्ड 5 स्थित किरार कॉलोनी में सागर ताल से दरगाह तक एवं विभिन्न गलियों में सीसी रोड निर्माण लागत 37 लाख रूपये, वार्ड 1 स्थित बरा गांव में 42 लाख रूपये की लागत से बरा गांव श्मशान घाट का जीर्णोद्धार , वार्ड 4 बारह बीघा में 11 लाख रूपये की लागत से बनाई जा रही पार्क एवं वार्ड क्रमांक 9 में राजामंडी पुल के पास रानी पुरा में 11 लाख रूपये की लागत से बनाई जा रही सीसी रोड का भूमि पूजन हुआ । भूमि पूजन के अवसर ऊर्जा मंत्री तोमर ने कहा कि ग्वालियर बदल रहा है और इस बदलते ग्वालियर में आप सभी का सहयोग जरूरी है । उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, विद्युत एवं सडक के क्षेत्र में उपनगर ग्वालियर में अतुलनीय कार्य किया जा रहा है। आप जहां भी जाएगें आपको निर्माण कार्य होते दिख जाएगें। विकास की धारा अनवरत रूप से इसी प्रकार जारी रहेगी। आने वाले समय में हमारा ग्वालियर ऊचांइया छुएगा। साथ ही कहा कि सागरताल का सौंदर्यीकरण कार्य शीघ्र चालू होने वाला है। उन्होने कहा कि बरा गांव में किसी भी घर से छत नहीं हटाई जाएगी। साथ ही विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित



किया कि बरां में सर्वे करें कहां पर खम्बे आदि लगने हैं। जिससे क्षेत्र को निर्वाध रूप से बिजली मिल सके। इसके साथ ही आमजन से स्वच्छता को ही अपनी आदत बनाने के लिये आग्रह किया और कहा कि जब हमारा शहर स्वच्छ होगा तो हम भी स्वस्थ होगें।

इस अवसर पर महापौर डॉ शोभा सतीश सिंह सिकरवार ने कहा कि निगम निधि से ग्वालियर में विकास की श्रंखला शुरू हो चुकी है। जनसेवक के रूप में आपके बीच उपस्थित रहकर आपके कार्य करूंगी। आपको सफाई, पानी एवं सीवर आदि से संबंधित कोई भी समस्या हो आप मुझे अवगत करायें। हमें दलगत भावना से ऊपर उठकर कार्य करना है। हमारा उद्धेश्य सबका साथ ग्वालियर का विकास ही होना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने स्वच्छता को लेकर आमजन से कहा कि घरों से निकलने वाले कचरे को सिर्फ कचरा वाहन में ही डालें इस बार हमें अपने शहर को स्वच्छता में प्रथम लाना है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष प्रयाग तोमर, मनमोहन पाठक, पार्षद श्रीमती रेखा चंदन राय, श्रीमती अनीता कुशवाह सहित आरके गुप्ता, जगत सिंह कौरव, मेहरबान छारी, राजू यादव, शैलू चौहान, मन्नू खान, जावेद खान, श्रीमती आशा रविन्द्र राठौर, उमेश अग्रवाल सहित क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# पुण्यतिथि पर बाबा साहेब को नमन करेगी कांग्रेस



**ग्वालियर।** शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र शर्मा ने बताया कि शहर जिला कांग्रेस कमेटी 6 दिसंबर को संविधान निर्माता बाबा साहेब अंबेडकर जी की 66वीं पुण्यतिथि पर नमन करेगी। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र शर्मा ने बताया कि संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब अंबेडकर 66वीं पुण्यतिथि पर 6 दिसंबर को प्रातः 9.30 पर अंबेडकर उद्यान फूलबाग में नमन किया जायेगा। पुण्यतिथि कार्यक्रम में विधायक, पूर्व विधायक, पूर्व सांसद, पूर्व अध्यक्ष, प्रदेश पदाधिकारी, जिला कांग्रेस, ब्लॉक कांग्रेस, मंडलम कांग्रेस, सेक्टर कांग्रेस, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, कांग्रेस सेवादल, एनएसयूआई, पार्षद, पूर्व पार्षद, कांग्रेस विभाग प्रकोष्ठ के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।

# भारत जोड़ो यात्रा में कांग्रेस सदभावना ग्वालियर ने भाग लिया

**ग्वालियर।** भारत जोडो यात्रा में कांग्रेस सदभावना ग्वालियर ने भी भाग लिया। आगर मालवा में राहुल गांधी का स्वागत अभिनन्दन कर यात्रा के संयोजक पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह से मुलाकात की। शहर जिला कांग्रेस कमेटी सदभावना प्रकोष्ठ ग्वालियर अध्यक्ष विष्णु कान्त शर्मा के नेतृत्व में मध्य प्रदेश में बच्चों की चोरी और बच्चियों पर ज्यादती के मामले में 2021 की एनसीआरबी की रिपोर्ट अनुसार पुरे देश में नंबर वन बना




दस्तावेज सहित पत्र राहुल गांधी जी को दिया और भारत जोडो यात्रा में 23 किलोमीटर पदयात्रा की। जिसमे नरेश बिरथरे, अनूप मिश्रा, अभी आर्य, रामनिवास शर्मा, नितिन कुमार, अजय कुशवाह, दिलीप खटीक, रामनरेश, अजय पाल, अभिषेक वर्मा, दीपेन्द्र सिंह राजावत इत्यादि ने भाग लिया।

# जेके टायर में हर्षोल्लास से मनाया गया 138वां स्थापना दिवस

**मुरैना।** जेके ग्रुप के संस्थापक लाला कमलापत सिंघानिया का 138वां जन्मदिवस जेके ऑर्गेनाइजेशन के स्थापना दिवस के रूप में मनाया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में संस्थान के यूनिट हेड संजय



बिंदल ने शिरकत की। कार्यक्रम का संचालन कर रहे जेके टायर प्लाण्ट के महाप्रबंधक अमित पचौरी ने कहा कि प्रतिवर्ष जेके ऑर्गेनाइजेशन का स्थापना दिवस दिसंबर माह में हम मनाते हैं एवं कामना करते हैं कि आगामी वर्षों में भी जेके टायर उन्नति के शिखर की ओर अग्रसर होता रहे। विगत चार दिनों से संस्थान में जारी अंतरविभागीय खेलकूद प्रतियोगिताऐं सम्पन्न हुई। साथ ही अखण्ड रामायण पाठ एवं भण्डारे का आयोजन किया गया। तत्पश्चात संस्थान में जिन श्रमिकों एवं कर्मचारियों द्वारा अपनी सेवा के 25 वर्ष पूर्ण कर लिये गये हैं, उन्हें सम्मानित किया गया। प्लाण्ट के वाईस प्रेसीडेंट संजय बिंदल ने अपने संबोधन में जेके टायर के उत्थान पर प्रकाश डाला एवं कहा कि जेके टायर ने सिर्फ अपने देश में ही नहीं, बल्कि विदेश में भी अपना विस्तार किया है। जेके टायर कामगार संघ के महासचिव कुंवर सिंह मावई ने अपने विचार व्यक्त करते हुये कहा कि यह गर्व की बात है कि लालाजी द्वारा प्रतिरोपित जेके की इकाई आज एक विशाल जेके समूह के रूप में फल फूल रही है। कार्यक्रम में प्लाण्ट के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों विजय सिंह, चीफ जनरल मैनेजर (प्रोडक्शन) एवं प्रदीप परमेश्वरन, जनरल मैनेजर (टेक्नीकल) द्वारा भी कार्यक्रम को संबोधित किया गया। कार्यक्रम में जेके टायर प्लाण्ट बानमोर के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# दोस्त से मिलने आए युवक पर कब्रिस्तान में कातिलाना हमला

**ग्वालियर।** थाटीपुर में अपने दोस्त से मिलने पहुंचे एक युवक को कब्रिस्तान के पास दो बदमाशों ने अंधेरे में घेर लिया। दोनों ने उस पर चाकू से ताबड़तोड़ हमले किए हैं। कातिलाना हमला करने वाले कौन थे और हमले की वजह क्या थी यह फिलहाल पता नहीं चल सका है। पर हमला करने वाले चाकू मारने के साथ-साथ बार-बार कहते जा रहे थे बहुत गुंडा बनता है। घटना शनिवार देर रात थाटीपुर कब्रिस्तान की है। घायल को उसका दोस्त पहले जिला अस्पताल ले गया जहां से उसे जेएएच रैफर कर दिया गया है। घायल की हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने अज्ञात दो हमलावरों पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है।शहर के माधौगंज हेमसिंह की परेड निवासी राज उर्फ राजकुमार नामदेव पुत्र डाल चंद्र नामदेव शनिवार रात थाटीपुर में रहने वाले अपने दोस्त रहीस से मिलने के लिए अरब साहब की दरगाह के पास आया था। दोस्त जब नहीं मिला तो वह उसे तलाशने के लिए कब्रिस्तान के पीछे पहुंचा। यहां जब वह दोस्त को तलाश रहा था कि



तभी पीछे से दो युवक आए और एक ने उसे पकड़ा और दूसरे ने ताबड़तोड़ चाकू से तीन से चार वार कर दिए। जिस समय बदमाश उस पर चाकू से वार कर रहे थे, उन्होंने उससे सिर्फ इतना कहा कि बड़ा गुण्डा बनता है। हमला करने के बाद आरोपी वहां से भाग निकले। घायल ने शोर मचाया तो उसका दोस्त रहीस वहां पर आ पहुंचा। घायल को लेकर रहीस उसे मुरार जिला अस्पताल पहुंचा, जहां पर उसकी हालत को गंभीर देखकर डॉक्टर ने उसे उपचार के लिए जेएएच रैफर कर दिया।मामले का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है। फिलहाल पता नहीं चला है कि हमलावर कौन थे और किस कारण से हमला किया है। हमलावर से अभी तक घायल और पुलिस अनजान हैं। पुलिस को पता लगा है कि घायल का भी अपराधिक रिकॉर्ड है। हो सकता है कि उसकी कोई पुरानी रंजिश का ही यह नतीजा हो। इस मामले में थाटीपुर थाना प्रभारी कुलदीप सिंह राजपूत ने बताया कि घायल की शिकायत पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है। हमलावर कौन थे इसका पता नहीं चला है। हमलावरों की जानकारी जुटाई जा रही है।

# निर्माणाधीन स्वास्थ्य केन्द्र भवनों को अभियान बतौर पूरा कराएँ भारत सिंह

**ग्वालियर ।** मुरार ग्रामीण क्षेत्र में निर्माणाधीन उप स्वास्थ्य केन्द्र अभियान बतौर पूरे कराएँ। प्रदेश सरकार दूर-दराज के गाँवों तक प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएँ मुहैया कराने के लिये कटिबद्ध है। इसलिए स्वास्थ्य केन्द्रों के भवनों के निर्माण में देरी न हो। इस आशय के निर्देश उद्यानिकी



एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) भारत सिंह कुशवाह ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को दिए। राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कुशवाह ने शनिवार को पुराने जिला पंचायत के सभागार में बैठक लेकर ग्वालियर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं की विस्तार से समीक्षा की।

# स्वीप गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को सतत रूप से जागरूक करें संभागीय आयुक्त

ग्वालियर। संभागीय आयुक्त दीपक सिंह द्वारा जिला कलेक्ट्रेट गुना के सभागार में फोटो निर्वाचक नामावली का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2023 की समीक्षा की गयी। समीक्षा बैठक में कलेक्टर फ्रेंक नोबल ए0, अपर कलेक्टर आदित्य सिंह, सहित समस्त अनुविभागीय अधिकारी एवं तहसीलदार उपस्थित रहे।बैठक में संभागीय आयुक्त द्वारा निर्देशित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय महत्व के इस कार्यक्रम को पूरी गंभीरता के साथ किया जाए। 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके सभी युवक-युवतियों का नाम नामावली में हो, यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि एकीकृत निर्वाचक नामावलियों का प्रारूप प्रकाशन 9 नवम्बर 2022 को किया गया है। इसके साथ ही दावे एवं आपत्ति दर्ज करने की अवधि 9 नवम्बर से 8 दिसम्बर 2022 निर्धारित की गई है। उक्त अवधि में बीएलओ के माध्यम से नाम जोने और हटाने का कार्य किया जाना है। सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व यह सुनिश्चित करें कि सभी बीएलओ अपने निर्धारित केन्द्र पर अनिवार्यतः उपस्थित होकर सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने नया मतदाता बनने के लिए फॉर्म-6, नाम हटाने के लिए फॉर्म-7, आधार की जानकारी प्रस्तुत करने के लिए फॉर्म 6बी तथा मतदाता सूची में संशोधन, वोटर कार्ड में बदलाव के लिए फॉर्म-8 में की गयी कार्यवाही की विस्तार से जानकारी ली। बैठक में स्वीप गतिविधि अंतर्गत की गयी कार्यवाहियों की जानकारी देते हुए अपर कलेक्टर आदित्य सिंह ने बताया कि स्वीप गतिविधि अंतर्गत की गई कार्यवाहियों में जागरूकता संदेश / येलो राइस / वोटिंग आमंत्रण कार्ड / संगोष्ठी / हर शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों, कॉलेज के छात्रों में पैम्पलेट अपील, पोस्टर और पैम्पलेट, फ्लैक्स और स्टिकर वितरित किए गये। नामांकन पर मल्टीमीडिया अभियान ठीक से चलाया जा रहा है और नागरिक ऑनलाइन फॉर्म भरने के लिए मतदाता हेल्पलाइन ऐप के बारे में पूरी तरह से जागरूक होने का प्रयास कर रहे हैं। युवाओं को मतदाता सूची में नाम जुडवाने हेतु प्रेरित करने के लिए कैम्पस एम्बेसडर, जिला प्रतीक (आईक्न) बूथ अवेयनेस ग्रुप एवं ईएलसी आदि के माध्यम से स्वीप गतिविधियाँ जैसे चौपाल प्रतियोगिता / रंगोली / मेगा इवेंट, रैली, सामुदायिक सभाएँ, मानव श्रृंखला, सांस्कृतिक गतिविधियाँ सम्पन्न कराई जा रही हैं। 18 वर्ष पूर्ण कर चुके युवा मतदाताओं के नाम जोडने हेतु स्कूल एवं कॉलेज में व्यापक प्रचार प्रसार किया जाकर नवीन मतदाताओं को ऑनलाईन आवेदन करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। इसके साथ ही महाविद्यालय स्तर के विद्यार्थियों के मध्य वाद-विवाद / निबंध / स्लोगन प्रतियोगिताएं आयोजित कराना एवं झण्डे, बेनर, पोस्टर, होर्डिंग्स सार्वजनिक स्थानों पर लगाये जाने का कार्य किया गया है।



# प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की भगिनी संस्था राजयोग एजुकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन के मेडिकल विंग के द्वारा एक राष्ट्रीय अभियान मेरा भारत व्यसन मुक्त भारत चलाया जा रहा

इसी अभियान के अंतर्गत ग्वालियर में 4 से 11 दिसम्बर तकमेरा ग्वालियर व्यसन मुक्त ग्वालियर÷ अभियान आयोजित किया गया है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य नशा न करने के लिए जागरूकता बड़ाना तथा आध्यात्मिक ज्ञान व राजयोग के नित-प्रतिदिन के अभ्यास द्वारा स्वस्थ्य जीवन शैली अपनाना है

ब्रह्माकुमारीड़ के स्थानीय सेवाकेंद्र की संचालिका बी.के. आदर्श दीदी ने बताया कि अभियान का शुभारम्भ दिनांक 4 दिसम्बर 2022 को श्री शीतला सहाय सभागार, कैंसर हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च इंस्टिट्यूट में शाम 4 बजे से 6 बजे तक रहेगा इस कार्यक्रम के लिए माउंट आबू से बी.के. डॉ. प्रताप मिड्ढा जी (डायरेक्टर, ग्लोबल हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर माउंट आबू, वाइस प्रेसिडेंट मेडिकल विंग) , बी.के. डॉ. बनारसीलाल शाह जी (सेक्रेटरी, मेडिकल विंग ब्रह्माकुमारीड़, माउंट आबू) तथा मेडिकल विंग के अन्य सदस्य बी.के. डॉ. गोमती अग्रवाल, बी.के. रंजू , बी.के. डॉ. भारती, बी.के रूपा, बी. के. मनीषा ग्वालियर संभाग आयुक्त श्री दीपक सिंह, से डॉ. राहुल सप्रा(अध्यक्ष), डॉ. ब्रजेश सिंघल(सेक्रेटरी), मेंटल हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. संजय लहारिया, सामजिक न्याय विभाग ग्वालियर से सयुंक्त निदेशक, श्रीमती उषा पी. शर्मा, कैंसर हॉस्पिटल के निदेशक श्री बी आर श्रीवास्तव, ब्रह्माकुमारीड़ लश्कर सेवाकेंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी आदर्श दीदी, बी.के. डॉ. गुरचरण सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। ब्रह्माकुमारीड़ द्वारा आयोजित इस राष्ट्रीय अभियान का शुभारम्भ मेडिकल विंग ग्वालियर, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, ग्वालियर ब्रांच एवं कैंसर




हॉस्पिटल एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट, ग्वालियर के सयुंक्त तत्वाधान में होगा।इस अभियान के माध्यम से अनेकानेक स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय. शासकीय - अशासकीय संस्थान में कार्यक्रम आयोजित कर नशा मुक्ति के प्रदर्शनी, संवाद, कार्यशाला के माध्यम से अनेक लोगो को व्यसन मुक्ति के लिए प्रेरित किया जायेगा7 इसके साथ ही इंडियन मेडिकल एशोसिएशन के द्वारा बेसिक लाइफ सपोर्ट की ट्रेनिग भी दी जाएगी 7 निम्न स्कूल एवं संस्थाओं में कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे÷ -

भारतीयम विद्या निकेतन,
दून पब्लिक स्कूल,
शिवनाथ सिंह कॉलेज,
13 बटालियन स्क्ल,
जी.डी. गोयनका पब्लिक स्कूल,

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478